


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 09 मई 2024, वर्ष-25, अंक-96, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


संसेक्स 73,466.39 ▼ -45.46
डॉलर 83.459 ▼ -0.009

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,950
चांदी (1 किलो) 88,500

**आज के मैच**

PUNJAB KINGS VS ROYAL CHALLENGERS BANGALORE

समय : 09 मई, 7:30 बजे से
स्थान : धर्मशाला

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# ईडी ने सचिवालय में मंत्री के पीएस का चैंबर खंगाला, 2 लाख बरामद

- संजीव के चैंबर से पांच-पांच सौ रुपये के मिले कई बंडल
- सीएम चंपाई सोरेन के कार्यालय के ठीक नीचे है संजीव का दफ्तर
- पहली बार ईडी ने झारखंड सरकार के सचिवालय में की छापेमारी
- चार घंटे चली ईडी की कार्रवाई में सचिवालयकर्मियों से भी हुई बंद कमरें में पूछताछ
- संजीव लाल व जहांगीर आलम को छह दिनों के रिमांड पर लिया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। ईडी ने बुधवार दोपहर सवा दो बजे झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित चैंबर में छापेमारी की। इस दौरान संजीव लाल के ड्रावर (दराज) से 500 के नोटों के बंडल मिले हैं। बरामद नोट दो लाख बताये जा रहे हैं। साथ ही कई कागजात भी मिले हैं। बताया गया है कि कार्यालय के कर्मियों से भी इसके बाद बंद कमरे में पूछताछ की गई। इस दौरान कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। यह कार्रवाई शाम छह बजे तक चली। छापेमारी के क्रम में लगातार तीसरे दिन कैश की बरामदगी ने सभी चौंका दिया। खासकर इसलिए भी कि ईडी की टीम ने पहली बार सचिवालय में धावा बोला। संजीव के जिस चैंबर से रुपये बरामद हुए उसके ठीक ऊपर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का कार्यालय है।

इसके पूर्व बुधवार को संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के बाद ईडी की टीम उन्हें लेकर सचिवालय पहुंची थी। रिमांड अवधि में ईडी दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेगी। पूछताछ में कई बड़े अधिकारियों और राजनेताओं का नाम सामने आ सकता है। संजीव कुमार की मौजूदगी में उनके चैंबर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज भी थोड़ी देर के लिए मौजूद रहे। बता दें कि इसके पहले सोमवार और मंगलवार को रांची में एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने 37.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इसमें से जहांगीर आलम के फ्लैट से 32.20 करोड़, संजीव लाल की पत्नी की कंपनी में पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 2.93 करोड़, संजीव लाल के घर से 10.50 लाख और एक ठेकेदार राजीव सिंह के फ्लैट से डेढ़ करोड़ रुपए मिले थे। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो आवेदन दिया था, उसमें कहा गया है कि झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में 15 प्रतिशत की दर से वसूली होती है। संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा बड़े अफसरों और राजनीतिज्ञों तक जाता है। यह तय माना जा रहा है कि कई अन्य अफसर और नेता इस मामले में ईडी के रडार पर आएंगे। मंत्री आलमगीर आलम को भी समन करने की तैयारी चल रही है।

## सीएम साहब... जब इन अपराधों का घड़ा आपके माथे भी फूटेगा : बाबूलाल



**सचिवालय** में मंत्री के पीएस के चैंबर से लाखों रुपए की बरामदगी पर झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपई सोरेन को निशाने पर लिया है। उन्होंने एक्स पर सीएम को टैग करते हुए लिखा, सुना है ईडी की तलाशी में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के प्रोजेक्ट बिल्डिंग के ऑफिस चैंबर से भी लाखों रुपए मिला है। ठीक इसी के ऊपर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का भी ऑफिस है। आंख खोलकर देखिये चंपई सोरेन जी आपकी नाक के नीचे कैसे ऑफिस में भी रिश्वत ली जा रही है और रखी जा रही है। संभलिये और तुरंत आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की कारवाई का आदेश दीजिये। विलंब कीजिएगा तो वो दिन दूर नहीं जब इन अपराधों का घड़ा आपके माथे भी फूटेगा।

## एक नजर

### एयर इंडिया की 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द, पूरा पैसा रिफंड होगा

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सीनियर क्रू मेंबर के सामूहिक छुट्टी पर चले जाने से अपनी 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन को मंगलवार देर रात से बुधवार सुबह तक इंटरनेशनल और घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। कंपनी ने पैसेंजर्स को पूरा रिफंड वापस देने का ऐलान किया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों के बीमार होने के कारण छुट्टी पर चले जाने से कुछ उड़ानों में देरी हुई हैं, जबकि कुछ रद्द कर दी गई है। कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु सहित अन्य फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा। एयरलाइन ने इस व्यवधान के लिए अपने मेहमानों से माफी मांगी। कंपनी ने कहा कि प्रभावित पैसेंजर्स को या तो एयरलाइन से पूरा रिफंड मिलेगा या वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान री-शेड्यूल्ड कर सकेंगे।

## सीएम ने झाप्रसे के 7 अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिए आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। इन जिलों के लिए उपायुक्तों ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजा था, जिसकी प्रथम द्दष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा गया, जिसके बाद रिटायर आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। सभी अधिकारियों से आरोपों के मामले में जवाब-तलब भी किया जायेगा। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

**इन अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई**

- रविन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा।
- जयदीप तिग्गा, झाप्रसे, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।
- रविशंकर, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जलसंसाधन विभाग झारखंड।
- लखी राम बास्के, झाप्रसे, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी-03, मानगो शिविर, आदित्यपुर, सम्प्रति उप सचिव योजना एवं विकास विभाग।
- जितेंद्र कुमार देव, झाप्रसे, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़।
- मुकुंद दास, सेवानिवृत, झाप्रसे, बीडीओ, गुमला।
- संदीप बक्शी, झाप्रसे

## धनबाद में स्कूल से लौट रही छात्रा की धारदार हथियार से कर दी हत्या

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पलयडीह गांव में बुधवार को स्कूल से लौट रही 17 वर्षीय छात्रा निशा कुमारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। छात्रा की हत्या का आरोप विशाल रजवार नामक युवक पर लगा है, जो छात्रा के शव के पास ही गंभीर रूप से जख्मी हालत में पाया गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि छात्रा की हत्या करने के बाद उसने धारदार हथियार से खुद का गला रेतकर जान देने की कोशिश की। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि इन दोनों पर किसी अन्य ने हमला तो नहीं किया? पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग या जमीन विवाद की संभावना पर भी तहकीकात की जा रही है। घायल युवक को हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

## चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं : मोदी


- अमेरिका में एक अंकल हैं, जो शहजादे के दार्शनिक मार्गदर्शक हैं और वे उनसे लेते हैं सलाह

### अब स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस राष्ट्रपति के रंग का हवाला देकर उनका अपमान क्यों करती है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सैम पित्रोदा की टिप्पणी के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं करेगा। तेलंगाना के वारंगल में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं भारतीयों का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे पता चला कि अमेरिका में एक अंकल हैं जो शहजादे के दार्शनिक मार्गदर्शक हैं और क्रिकेट में तीसरे अंपायर की तरह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ऐसा बयान राष्ट्र की एकता को नुकसान पहुंचाता है



मोदी ने कहा कि मैं आज एक गंभीर सवाल पूछना चाहता हूं। मुझे आज बहुत गुस्सा आ रहा है, अगर कोई मुझे गाली देता है तो मैं सह सकता हूं लेकिन शहजादे के इस दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दी है जिसने मुझे गुस्से से भर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के लोगों की क्षमता चमड़ी के रंग से तय होगी? शहजादे को यह अधिकार किसने दिया? संविधान को सिर पर रखकर नाचने वाले लोग इस आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** नस्लीय टिप्पणी को लेकर पूरे देश में विवाद बढ़ने के बाद इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की। कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बता दें कि सैम पित्रोदा का एक पॉडकास्ट सामने आया था जिसमें उन्होंने कहा था कि वह उस भारत में विश्वास रखते हैं जहां भाषा, धर्म, संस्कृति, रंग-रूप, रिवाज, खान-पान आदि की विविधता के बावजूद लोग 70-75 साल से, कुछ छिटपुट झगड़ों को छोड़कर, खुशनुमा माहौल में एक साथ रह रहे हैं। जहां पूरब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पित्रोदा के बयान से हम असहमत : जयराम



**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की टिप्पणी कि पूरब के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 'सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। जयराम ने यह भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और अस्वीकार करती है।

**आजकल**




## टोल गेट के पास इनोवा कार से मिले 46 लाख

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जिस गाड़ी से रुपए मिले हैं उसे पर राकेश कुमार सिंह सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।



### बंद होने के बावजूद मिले 2000 के 21 नोट

जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 45,90,500 रुपए बरामद किए हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गए इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपए के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

### ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर हैं राकेश

इनोवा कार (जेएच 01 डब्ल्यू 5126) पर इंसेंट्रिग कंपनी के डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार सवार थे। राकेश सिंह कंपनी के डायरेक्टर हैं। रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है। कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है। राकेश कुमार सिंह ने जांच में बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए रकम लेकर जा रहे थे। रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में पैसे देने थे।

## गत 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया : तेजस्वी यादव

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**



बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू जिले के छत्तरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में झूठ के सहारे राज किया है। मोदी 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता पर राज करना रह गया है। तेजस्वी ने कहा कि मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जो महज एक जुमला है। उन्होंने पीएम मोदी के 2014 में दिए गए भाषण के कुछ अंश भी सुनाए और कहा कि इनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मोदी ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। तेजस्वी ने कहा कि यदि केंद्र में उनके गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। साथ ही प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों को नए रोजगार के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया


## भारत को विदेशियों को नापसंद करनेवाला बताया बाइडेन ने



सुनील बादल

***दुनियाभर*** में एक शब्द की खूब चर्चा हो रही है। यह शब्द है 'जेनोफोबिक' जिसका जिक्र अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया है। बाइडन ने भारत, जापान, चीन और रुस को 'जेनोफोबिक राष्ट्र' करार दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात अप्रवासियों के मुद्दे पर बात करते हुए कही है। नस्ल विरोधी होने का दावा करने वाले अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। यह मुकाबला राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। चुनाव को देखते हुए दोनों नेताओं ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनाव के लिए फंड जुटाने वाले एक कार्यक्रम में शिरकत किया। इसी दौरान प्रवासियों का जिक्र करते हुए बाइडन ने भारत, जापान, रूस और चीन को 'जेनोफोबिक राष्ट्र' कह दिया। बाइडन ने अपने समर्थकों से कहा, ह्ययह चुनाव आजादी, अमेरिका और लोकतंत्र के बारे में है। आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण आप लोगों की वजह से है। क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडन ने आगे कहा कि चीन आर्थिक रूप से बुरी तरह क्यों रुक रहा है? जापान, रूस और भारत को क्यों परेशानी हो रही है? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे अप्रवासियों को नहीं चाहते हैं। हम इसलिए आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं।'बाइडन ने जिस 'जेनोफोबिक' शब्द का जिक्र किया उसका मतलब क्या?

अमेरिकी राष्ट्रपति ने जिस जेनोफोबिक शब्द का जिक्र किया है वह यूनानी मूल का शब्द है। कैम्ब्रिज डिक्शनरी के अनुसार, जेनोफोबिक का अर्थ 'विदेशी लोगों के प्रति अत्यधिक नापसंदगी या डर दिखाना' होता है। वहीं, मरियम बेबस्टर की परिभाषा के मुताबिक, जेनोफोबिया का अर्थ 'अजनबियों या विदेशियों या किसी भी अजीब या विदेशी चीज से डर और नफरत' होता है।यह कोई पहली बार नहीं है जब बाइडन ने इस शब्द का इस्तेमाल किया है। इससे पहले 18 अप्रैल, 2024 को राष्टपति बाइडन ने चीन के आर्थिक संकटों पर बात करते हुए उसे 'जेनोफोबिक कहा था। उन्होंने पेंसिल्वेनिया राज्य में एक चुनाव अभियान के दौरान अमेरिकी आर्थिक ताकत की तुलना भी की थी। इसी साल जनवरी में फ्रांस में विवादास्पद फ्रांसीसी आव्रजन कानून के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस विरोध में शामिल हुए फ्रेंच सांसदों ने 'जेनोफोबिक' शब्द का इस्तेमाल किया था। ला फ्रांस इंसौमिस (एलएफआई) नामक राजनीतिक दल से जुड़े सांसद ऑरेली ट्रौवे ने कानून को 'नस्लवादी, जेनोफोबिक और बेवकूफी भरा' बताया था।मार्च 2019 में दक्षिण अफ्रीका ने जेनोफोबिया, नस्लवाद और भेदभाव से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की थी। यह कदम जेनोफोबिक और लिंग-आधारित हिंसा और भेदभाव के चलते हो रहे मानवाधिकारों के हनन को रोकने करने की दिशा में उठाया गया था। पंचवर्षीय योजना सरकार और नागरिकों के बीच परामर्श से बनाई गई थी। इस शब्द के गहरे मायने हैं क्योंकि जिन देशों की चर्चा बाइडेन ने की उन्हें उन्होंने इशारों इशारों में बहुत कुछ कह दिया। भारत,जापान, रूस और चीन को 'जेनोफोबिक राष्ट्र' कहने से खुद को उदार और श्रेष्ठ तो बता दिया पर इन राष्ट्रों को कठघरे में खड़ा कर दिया। विस्तार में जाएं तो भारत और एशियाई देशों के वर्चस्व के प्रति यह एक खीझ मानी जा सकती है। श्रेष्ठता बोध से ग्रसित अमेरिका को आज रुस के अलावा चीन और भारत लगातार चुनौती दे रहे हैं जिससे अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है। अमेरिका भारत के विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से अप्रसन्न तो था ही अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दौड़ में लगा भारत उसे चीन के बाद सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी लग रहा होगा ।भारत को इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता ही शायद नहीं है क्योंकि विश्व का सबसे शक्तिशाली देश उसकी आलोचना कर एक चर्चा को बढ़ा रहा है और विश्व के अधिकांश देश इस बात को तथ्य को जानते हैं कि अमेरिका कहने को कुछ भी कहे पर अपने देश के लिए टूरिस्ट बीजा तक देने में सबसे ज्यादा अड़ंगे लगाता है जबकि भारत बांग्ला देश,नेपाल सहित अनेक देशों के नागरिकों को सदियों से अपने देश में शरण दिए है। अतिथि देवो भवः की मूलभावना की संस्कृति वाला भारत विश्व का एकमात्र देश है जहां हर धर्म,जाति और संप्रदाय के लोग सदियों से अपनी पहचान के साथ पूरी स्वतंत्रता से रह रहे हैं जबकि पाकिस्तान या तालिबानी मानसिकता वाले देशों में इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती पर जो बाइडेन ने इनकी चर्चा तक नहीं की। एक बात यहां कही जा सकती है कि चुनाव के समय विश्व के सभी नेताओं के हाव भाव एक जैसे हो जाते हैं।



## गैंगरेप से आहत छात्रा की खुदकुशी पर झारखंड हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची में गैंगरेप पीड़िता बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की सेकेंड ईयर की छात्रा की खुदकुशी पर झारखंड हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने पीड़िता के परिजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। 25 वर्षीय छात्रा ने 5 मई की रात को रांची में बूटी स्थित अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसने दो सुसाइड नोट छोड़े थे, जिसमें उसने खुद के साथ हुए गैंगरेप की जानकारी दी थी। छात्रा ने लिखा है कि उसके दो दोस्तों आनंद मिंज और अरविंद किंडो ने छह मार्च को रांची के कोकर में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया था। इसके बाद से ही वह घुट-घुटकर जी रही थी। उसने लिखा, हम घुट-घुटकर जी नहीं पाएंगे... अब इसीलिए हम जा रहे हैं। सबको सॉरी! छात्रा की खुदकुशी के बाद उसकी मां के आवेदन पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस बीच बुधवार को हाईकोर्ट के जस्टिस की ओर से संज्ञान लिए जाने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार की एक टीम ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत छात्रा के परिजनों को मुआवजा की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## एक नजर

### राजमिस्त्री के 16 वर्षीय पुत्र की छुरा घोंपकर बेरहमी से हत्या

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी निवासी राजमिस्त्री के 16 वर्षीय पुत्र तैयब शेख की मंगलवार को लगभग चार बजे छूरा मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना को तैयब के चचेरे भाई सयुल शेख पिता फिरोज शेख एवं सयुल के फुफेरे भाई कुल्टी पश्चिम बंगाल निवासी साबीर अंसारी पिता जावेद अंसारी ने घटना को अंजाम दिया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार सयुल शेख ने तैयब के बाकी और भी भाईयों को मार डालने की धमकी भी दी है। घटना को अंजाम देने के लिए ओएलएक्स से सयुल शेख ने ऑनलाइन छुरा मंगवाया था। घटना के पीछे कुछ दिन पहले की झगड़ा और मारपीट को कारण बताया जा रहा है। हत्या को अंजाम देने वाले सयुल शेख एवं साबीर अंसारी डेंड्राईट एवं गांजा के नशे के आदी थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार तैयब शेख को गांव से दूर ईटा चिल्दरी जंगल के पास सुग्गा कांटा तालाब के निकट नगड़ी निवासी सयुल शेख एवं साबीर अंसारी ने 10 से 12 बार पेट एवं शरीर के विभिन्न हिस्से में बेरहमी से छूरा घोंपकर मार डाला।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ

**खूंटी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ बुधवार को किया गया। मौके पर झारखंड के फुटबॉल कोच रोशन मिंज, फुटबॉल रेफरी एसोसिएशन के मंगल मिंज वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट और पूर्व नेशनल वॉलीबाल खिलाड़ी माणिक बोस उपस्थित थे। रोशन मिंज ने कहा कि इन शिविरों में छात्र बिना किसी हिचकिचाहट के प्रशिक्षकों से सवाल पूछ रहे हैं। विद्यार्थी के डर को निकाल कर उन्हें मजबूत व निडर बनाया जा रहा है। छात्रों में विश्वास पैदा करने में यह समर कैंप कारगर साबित होगा। बच्चे लोक कला भी सीख रहे हैं। माणिक बोस ने कहा कि समाज में हमेशा से अभावग्रस्त रहे अनाथ, बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को खेल और पढ़ाई के माध्यम से उन्हे मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास सभी के लिए अनुकरणीय है।

### त्रुटि रहित चुनाव कराना मतदानकर्मियों की जिम्मेदारी : उपायुक्त

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पार्टी वाइज सभी पोलिंग आधिकारियों के लिए बुधवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर और मतदान के बाद की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि चार चरणों में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी को चुनाव कार्य की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। आशा की जाती है कि आप सभी अपने कार्यों में दक्ष होकर त्रुटिरहित चुनाव कार्यों का निष्पादन करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने किया क्षेत्र का दौरा

# कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार विकास विरोधी है : धीरज




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के दिन आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सिल्ली क्षेत्र का दौरा किया। सिल्ली पहुंचते ही बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनको ग्राम विकास हाई स्कूल के समीप माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात सिल्ली के नायक टोला में जनसभा को संबोधित किया। सभा का संचालन विनय महतो धीरज ने किया। अपने संबोधन में लोगों के बीच उन्होंने कहा कि मोदी का सपना को साकार करना है। आप अपना बहुमूल्य वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करें। मोदी दलित और गरीबों का उत्थान के लिए हमेशा आगे रहते हैं। बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के लिए चिंतित रहते हैं। विपक्षी को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार विकास विरोधी है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों के आदमियों के पास से अवैध रुपए बरामद हो रहे हैं यह सारे रुपए जनता की है। सभा का समापन मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने किया। इसी क्रम में संत शिरोमणि रविदास के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। तदोपरांत कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का रोड शो या संजय सेठ का जनसभा में अपार जन समर्थन मिल रहा है और पुनः संजय सेठ सांसद चुने जाएंगे। अबकी बार 400 सीट जीतकर हम लोग फिर से तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। लोग गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर 2019 में राज्य में ठगबंधन की सरकार बनी उसकी स्थिति क्या है किसी से छिपी नहीं है। लगभग तीन दिनों से झारखंड में नोटों की गड्डी का चर्चा चल रहा है। यह घटना काफी शर्मसार है। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है।

# ग्रामीणों ने श्रमदान से चुआं की खुदाई की



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डाडी. सेमरटोली में नहाने धोने की सुविधा के अभाव के कारण ग्रामीणों ने खेतों के बीच श्रमदान से चुआं खोद डाली और पत्थरों से पाटकर बांध दिया। डाडी. सेमरटोली में मात्र एक चुआं था जिसका उपयोग महिलाएं करती थीं। पुरूषों को भारी परेशानी हो रही थी। अन्ततः दीपक साहु, दुबराज साहु एवं हरि साहु के संयुक्त नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान कर चुआं का निर्माण किया। पहले आठ से दस फीट की खुदाई कर डाली। उसके बाद पत्थरों से पाटा गया। इस मौके पर राजकिशोर साहु, उप मुखिया नीरल हेरेंज, अमित बरला, बेनेडिक्ट बरला, चांद बरला, प्रदीप साहु, रमेश साहु,अजय नाग, संदीप साहु, हीरालाल साहु, बिहारी साहु समेत कई लोगों ने भीषण गर्मी और तपती धूप में खुले आसमान के नीचे चुआं निर्माण के लिए श्रमदान कर अपना पसीना बहाया। अभी श्रमदान की प्रक्रिया आगे भी चलेगी। चुआं के निर्माण से ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

# डीएवी गांधीनगर में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पवन कुमार मिश्र निदेशक वित्त विभाग सीसीएल रांची, सम्मानित अतिथि के रूप में रीता मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष डॉ एमसी शर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पवन कुमार मिश्र ने शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी गांधीनगर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस शिक्षा से सामाजिकता और राष्ट्रीयता की भावना का विकास हो, वही शिक्षा सार्थक है। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी के कैडटों ने बैंड की मोहक धुन के साथ आगत अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के दोनों विंग के छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य, एकांकी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। विद्यालय के हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत सत्र की शिक्षा, खेलकूद, नृत्य,कला आदि के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय उपलब्धियों की चर्चा की। प्राचार्य एसके सिन्हा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एक साधारण सा विद्यालय आज नगर का एक प्रतिष्ठित विद्यालय बन गया है।

छापेमारी अभियान में अवैध शराब के क्रय-विक्रय का हुआ भंडाफोड़

# 84 बोतल शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी थाना पुलिस इनदिनों सरकारी शराब बिक्री केंद्र के अलावा अवैध तरीके से विदेशी शराब क्रय विक्रय करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में थानाक्षेत्र के सुभाषनगर में लंबे समय चल रहे अंग्रेजी शराब व बियर खरीद बिक्री कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुभाषनगर डकरा के एक राशन दुकान में अवैध रूप से अग्रेजी शराब का भंडारण कर क्रय विक्रय किया जा रहा है। सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में सुभाषनगनर स्थित सुमन साहू के राशन दुकान में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर की बरामदगी की गई। छापेमारी के दौरान अभियुक्त सुमन साहू भीड़ का लाभ उठाकर वहां से फरार हो गया। आरोपी के विरूद्ध भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं तथा उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जब्त शराब में 54 पीस विभिन्न कंपनी का बीयर कांच बोतल में, 28 पीस विभिन्न कंपनी का केन बियर तथा 6 पीस विभिन्न कंपनी का अंग्रेजी शराब शामिल है। बताया जा रहा है कि हजारीबाग से खलारी कोयलांचल क्षेत्र के कई राशन दुकानों, होटलों में अवैध अंग्रेजी शराब व बियर पहुंचाया जाता है। खलारी थाना पुलिस इस दिशा में भी कारवाई कर रही है। अंग्रेजी शराब के खिलाफ छापेमारी दल में खलारी थाना के पुअनि देवकुमार दास, पुअनि मुकश कुमार, पुअनि कपिलदेव यादव, सअनि राजकिशोर कुमार सिंह, सअनि सहदेव महतो सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे चार हाइवा और एक टर्बो को किया जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के आदेशानुसार मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली रणवीर सिंह के निर्देशन में सिल्ली थाना प्रभारी के द्वारा एक टीम गठित कर अवैध बालू के खिलाफ छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में रेकी करने वाले अजहरुद्दीन पिता सलाउद्दीन ग्राम चितरपुर थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ को पुलिस के द्वारा विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा परिवहन करते हुए बालू लदा चार हाईवा एवं एक टर्बो को पकड़ा गया। सभी गाड़ियों को पकड़ कर सिल्ली थाना लाया गया एवं कांड संख्या 37/24 धारा 379/414/34 भा द वि के तहत केस दर्ज करते हुए टिपन कुमार पिता माथुर महतो, राजेश महतो पिता कुलेश्वर महतो, मूलचंद बेदिया पिता स्वर्गीय मंगल बेदिया, कुलदीप मुंडा पिता स्वर्गीय महेंद्र मुंडा, अजहरुद्दीन पिता सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में सिल्ली अंचलाधिकारी, सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव कुमार यादव, हवलदार संतोष राय, आरक्षी मुकेश रजवाड़, मुकेश कुमार सिंह और विकास कुमार शामिल थे।

# लापुंग प्रखंड में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना हमारे लिए सामूहिक चुनौती : उषा मिंज



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
सरकारी कर्मचारियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं तथा प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचलाधिकारी पंकज कुमार एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की के संयुक्त नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई । लापुंग प्रखंड मुख्यालय से बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। बाइक रैली के दौरान अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ उषा मिंज, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की, बीपीओ मो इम्तियाज खलील, शिक्षा विभाग की बीपीओ लीलावती तिर्की ने अलग-अलग बाइक में सवार होकर प्रखंड मुख्यालय से लालगंज तक और लालगंज से सापुकेरा तक बाईक रैली में हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने कहा कि लापुंग प्रखंड में मतदान प्रतिशत को बढाऩा हमारे लिए सामुहिक चुनौती है। हमें मिलकर लोगों को जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढाऩा होगा। वहीं बीईईओ शांति मुनी तिर्की ने लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

## न्यूज बॉक्स

### भोला उरांव की जयंती में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** बुधवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत करम टोली में स्व भोला उरांव की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत और ग्रामवासियों के द्वारा उनके योगदान एवं जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को याद किया। इस अवसर पर उनके समर्थक समाज के प्रति उनके कार्य, विचारधारा और साहस की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया साथ ही युवा समूह ने स्व भोला उरांव के विचारों को याद करते हुए उनके बलिदान को सलामी अर्पित की। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा की इस तरह के समारोह से लोगो के भावनाओं को उठाने और स्व भोला उरांव के योगदान को सामाजिक चेतना के एक कड़ी के रूप में जागरूक करने का एक अच्छा माध्यम है।

### हज में जाने वाले लोगों से मिले डॉ परमेश्वर भगत, दी शुभकामनाएं



**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुरसा, कंदरी मोड़ (फुसराटांड़) और मंदरो के जनाब आलम अंसारी साथ ही उनकी पत्नी, महफूज अंसारी साथ ही उनकी पत्नी एवं अजमुल अंसारी साथ ही उनकी पत्नी हज के लिए आज रवाना हो रहे है। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने उक्त लोगो के घर जाकर सम्मान एवं स्वागत के साथ शुभकामना संदेश देते हुए बधाई दिए। उन्होंने विशेष रूप से उनके धार्मिक यात्रा की सफलता की कामना की। इन्होंने इस मौके पर लोगों को आध्यात्मिक उत्साह और प्रेरणा भरे संदेश दिए। इन्होंने मानवता और सद्भावना के महत्व को भी बल दिया। मौके पर डॉ नाफर अली, हाजी शाकिर इस्लाही, जमील अहमद, अलीम अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार




**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के दिन गश्ती के दौरान सुबह करीब 10 बजे गुप्त सूचना के आधार पर पतराहातू रोड में अवैध शराब का परिवहन करते हुए विजय प्रजापति उम्र 29 वर्ष पिता सुकु प्रजापति ग्राम पतराहातू थाना सिल्ली जिला रांची को अवैध प्रीमियम व्हिस्की 12 बोतल एवं बडवाईजर कैन बियर 48 बोतल विधिवत जप्त किया गया। बताते चले कि इस संदर्भ में सिल्ली थाना कांड संख्या 38/24 धारा 272/273 भादवि एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई हेतु उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार मोदी, हवलदार विद्या प्रसाद एवं आरक्षी बटेश्वर टुडू शामिल रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने समीर उरांव के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान



**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी के मांडर मंडल के द्वारा गांव-गांव घूम कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के लिए समर्थन मांगा गया। साथ ही समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया गया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी ने मांडर प्रखंड के रेगे, रीपटीन, कंजीया, बसकी, मसमानो, बरगड़ी, जाहेर, बरटोली आदि गांव का दौरा किया। इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मोर्चाअध्यक्ष बिजय उराँव, हेमंत कुमार, जनार्दन साहु, बिनोद गोप, रामदयाल मुंडा, मुकेश गोप, बबलू गोप, रामचन्द्र भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

### गुरु अमरदास के प्रकाश पर्व पर आज से श्री सहज पाठ साहिब की होगी शुरुआत



**रांची।** सिख पंथ के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व पर आगामी 9 मई (गुरुवार) से श्री सहज पाठ साहिब की शुरुआत होगी। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि इस पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हर साल तीन श्री सहज पाठ साहिब रखे जाते हैं, जो कि साध संगत द्वारा बारी बारी से पढ़े जाते हैं। सभी श्रद्धालु एक-एक घंटा पाठ पढ़कर इसे संपूर्ण करते हैं। इन तीन पाठों की शुरुआत गुरुवार से श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के दिन सुबह छह बजे से होगी एवं इन पाठों का समापन 22 मई को श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व के दिन सजाए जाने वाले विशेष दीवान से होगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा के सेवादार महेश सुखीजा, कमल अरोड़ा एवं कमल मुंजाल को इन सहज पाठ को पढ़ने के इच्छुक श्रद्धालुओं की लिस्ट तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई है।

---

अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस मनाया गया

# थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए मददगार हैं खलारी के सिविल सोसाइटी कार्यकर्ता





**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
आठ मई को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। यह दिन मरीजों के साथ उन डाक्टर्स और सोशल वर्कर्स को भी सम्मानित करने का दिन है, जो निस्वार्थ भाव से थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों की सेवा कर रहे हैं। खलारी में ऐसे ही सोशल वर्कर्स की एक संस्था है सिविल सोसाइटी। थैलेसिमिया जैसे गंभीर रोग से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए रक्त संग्रहित कर खलारी-डकरा के सिविल सोसाइटी के लोग सेवा कार्य में लगे हैं। थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए 16 दिसंबर 2020 को सिविल सोसायटी खलारी-डकरा का गठन कर रक्तदान शिविर आयोजित करने का अभियान शुरू किया गया था। पिछले चार साल में इस संस्था ने 3000 यूनिट रक्त संग्रह कर सदर अस्पताल रांची के ब्लडबैंक को भेजा है। इस अभियान में सीसीएल, जाय माइनिंग, खलारी पुलिस, ब्रह्मकुमारी परिवार सहित लगभग एक हजार नियमित रक्तदाताओं का भरपूर सहयोग मिलता है। सिविल सोसायटी के सदस्यों ने कहना है कि थैलेसिमिया रोग के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी दी जाए ताकि रक्तदाताओं की चेन को और बढ़ाया जा सके।

**50 से अधिक बार किया है रक्तदान :** सोसायटी के सदस्यों ने बताया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ रक्तदान करने वाले क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो 50 से अधिक बार रक्तदान किए हैं। खलारी के दीपक कुमार 67 बार, चूरी के राजीव चटर्जी 56 बार, इसके अलावा अजय विश्वकर्मा, अशोक शर्मा जैसे लोग प्रत्येक वर्ष तीन से चार बार रक्तदान करते हैं।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**खूंटी।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को खूंटी प्रखंड में विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातू में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान कर लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

मुड़मा में मुस्लिम समाज की हुई बैठक

## मंत्री आलमगीर आलम हुए उपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
प्रखंड स्थित मुड़मा मदरसा बगीचा में मांडर प्रखंड के मुस्लिम बुद्धि जीवन की एक बैठक बुधवार को की गई। इसमें आगामी लोकसभा को देखते हुए विचार विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम भी उपस्थित हुए। आए हुए लोगों ने देश के मौजूदा हालात को देखते हुए सेकुलर पार्टी है उसके समर्थन बात कही। उन्होंने कहा कि मुस्लिम किसी का बंधुआ मजदूर नहीं है। अगर सेकुलर पार्टी हमें इस तरीके से ठगती रही तो हम अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं। हमारी जो जायज मांगे हैं उसे पूरी की जाए। इसी क्रम में बोलते हुए रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि आज मुसलमान के साथ नाइंसाफी की जा रही है । झारखंड में अबुआ आवास योजना चलाई जा रही है जिसमें से मुसलमान को ना के बराबर हिस्सा दिया जा रहा है। साथी ही उन्होंने कहा कि 10 जून 2022 को मेंन रोड में जो गोली कांड हुआ था उसमें बेगुनाह मुसलमानों को फंसाया गया। झारखंड में सेक्युलर सरकार है फिर भी उनके साथ नाइंसाफी की गई तो हम सिर्फ एक वोटर बन कर रह गये हैं। हमें हमारा हिस्सा चाहिए। कार्यक्रम को नुरुल्लाह हबीब नदवी, आबिद अंसारी, इरशाद ईमाम समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधन किया।

# चुनाव से पहले भ्रामक तथ्यों का बाजार गरम, पर वोटर के सोच स्पष्ट

**अमित कुमार। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड तैयार है। राष्ट्रीय स्तर पर छठे और झारखंड में तीसरे चरण के चुनाव में मतदान 25 मई को है। इस दिन रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में मतदान होगा। झारखंड में पहले (राष्ट्रीय स्तर पर चौथे) चरण का मतदान 13 मई को है। दूसरे चरण (राष्ट्रीय स्तर पर पांचवें) का 20 मई और चौथे चरण (राष्ट्रीय स्तर पर सातवें) का मतदान 1 जून को है। 4 जून को झारखंड सहित राष्ट्रीय स्तर पर मतगणना होगी। रांची में मतदान का दिन (25 मई) जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहा है, वैसे-वैसे प्रश्न उठने लगा है कि लोग यहां किस मुद्दे पर वोट करेंगे। चुनाव से पहले कहीं भाजपा के विरुद्ध, तो कहीं गठबंधन के खिलाफ भ्रामक तथ्यों का बाजार गरम है। इस संदर्भ में जब रांची शहर के कुछ मतदाताओं से लोकसभा चुनाव को लेकर बात की गई, तो कई तरह कि बातें समाने आईं। आरक्षण पाने वाले समुदाय को डराया जा रहा है कि मोदी सरकार के फिर से सत्ता में आने से आरक्षण समाप्त हो जाएगा। वहीं, मुस्लिम समुदाय में इस बात का डर फैलाया जा रहा है कि कहीं मोदी देश में मुसलमानो के विरुद्ध काम ना करें। इसके बावजूद, आम जनता के सोच स्पष्ट हैं। वह अपने विवेक से मतदान करने के लिए तैयार है।

## कहते हैं आम लोग



*चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। यह मंदिर पूरे रांची जिला के बेहतरीन मंदिरो में गिना जाने लगा है। कई जाति और कई धर्मों को मानने वाले लोगों ने मंदिर निर्माण में सहयोग किया है। चान्हो सहित कई प्रखंड के सैकड़ों गांव के लोगों की आस्था इससे जुड़ी हुई है। लेकिन, मंदिर कमेटी का अध्यक्ष एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को बनाया गया है, जो यह बताता है कि यदि मोदी देश में जाति-धर्म में अंतर कर कार्य कर रहे होते तो आज मंदिर का अध्यक्ष एक हरिजन नहीं बनता।*

**मुकेश बैठा, अध्यक्ष, शिव मंदिर कमेटी, रघुनाथपुर।**



*पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ है कि यदि मोदी सरकार फिर से सत्ता में आती है, तो आरक्षण को समाप्त कर देगी। वीडियो में दिखाया गया है कि मोदी बोल रहे हैं कि मैं आरक्षण का पक्षधर नही हूं। लेकिन, जब इसका ओरिजनल वीडियो को देखा गया, तो उसमें मोदी बोल रहे थे कि पंडित जवाहर लाल नेहरू कहते है कि मैं आरक्षण का पक्षधर नहीं हूं। वीडियो में छेड़छाड़ कर मोदी की छवि को कुछ इस तरह से खराब किया जा रहा है। इससे कम पढ़े-लिखे लोग भरोसा कर अपने समाज में कह रहे हैं कि मोदी को वोट देंगे, तो आरक्षण समाप्त हो जाएगा।*

**अमित रजक, पोस्टऑफिस कर्मी, बुंडू।**



*हर तरफ सुनने को मिल रहा है कि महंगाई बढ़ गई है। गांव में मजदूरी करते हैं, तो इस दौरान तीन से सौ चार रुपये मिलते हैं और इतने में गुजर बसर हो जाता है। लेकिन, 2014 के पहले मजदूरी 150 से 200 रुपये मिलता था। तब जलावन और राशन में अधिक खर्च होता था। तब राशन में काला बाजारी का दौर देखने को मिलता था। अब तो इतना है कि मेरे हिस्से का राशन मुफ्त में मिल जाता है। वह भी समय पर। इसके लिए डीलर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की ओर से गांव के बाजारों व कई केंद्रों में कम दर पर बेहतर चावल और गेहू भी मिल रहे हैं। पिछले दिनों ही 29 रुपये किलो की दर से बेहतर गुणवात्ता वाला अरवा चावल खरीदे हैं।*

**कांति देवी, कामगार महिला, रांची।**




रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान



*बीए पास कर काम की तलाश में हैं। लेकिन, आज एक विकल्प मेरे पास है कि सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी तो क्या हुआ, निजी क्षेत्र में नौकरी के कई रास्ते खुले हुए हैं। कौशल विकास के तहत ट्रेनिंग पूरा कर किसी दूसरे राज्य में काम करने का मौका मिल रहा है। यदि रेलव या बैंक में नौकरी मिलती, तो मुझे दूसरे किसी राज्य में जा कर काम करना पड़ता। सरकारी नौकरी सीमित है और निजी क्षेत्र में हजारों विकल्प खुले हुए हैं। साथ ही, मेरे पास स्टार्टअप शुरू करने का भी मौका है। पूंजी की समस्या अब नहीं रही, केंद्र सरकार कई विकल्पों के साथ अपनी गारंटी पर ऋण दे रही है।*

**अकाश बैठा, रांची।**

## एक नजर

### ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए देहरादून रवाना

**रांची।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में आगामी 9 से 12 मई तक देहरादून में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा बुधवार को देहरादून के लिए रवाना हुए। वे आधिकारिक रूप से प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि प्रतियोगिता कैडेट जूनियर सीनियर एवं अंडर 21 का आयोजन देहरादून में किया गया है।

### पुलिस की छापेमारी में रेस्टोरेंट से शराब जब्त, मैनेजर गिरफ्तार

**रांची।** अवैध शराब के खिलाफ ओरमांझी थाने की पुलिस ने होटलों और रेस्टोरेंट में बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अतिथि रेस्टोरेंट से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। अतिथि रेस्टोरेंट मालिक राजदीप साहू, मैनेजर उमेश मंडल सहित रेस्टोरेंट के अन्य सहकर्मी द्वारा अवैध विदेशी शराब की खरीद-बिक्री करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मामले में अतिथि रेस्टोरेंट के मालिक राजदीप साहू पीछे के तरफ से भाग गए। लेकिन, मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से अलग-अलग 26 शराब की बोतल और 14 बीयर, सिगरेट, गुटखा और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

### अंतर जिला महिला अंडर 15 टी-20 क्रिकेट में प्रियांशी का बेहतर प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से बोकारो में आयोजित जिला महिला अंडर-15 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की छात्रा प्रियांशी कुमारी ने रामगढ़ जिले के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। इस श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से 5000 रुपये नकद प्रोत्साहन राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत की हुई बैठक

# जनजातीय समाज में मतांतरण रोकना सबसे पहली प्राथमिकता : विनोद बंसल

*विहिप 60 वर्ष पूर्ण कर मनाने जा रही षष्ठीपूर्ति वर्ष*

*12 मई से सभी प्रखंडों में सीता नवमी का होगा आयोजन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें। विनोद बंसल बुधवार को विहिप के झारखंड प्रांत की बैठक में बोल रहे थे। बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में हुई। मौके पर विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल और क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्ठीपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले। इस दौरान प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों, का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में करेगी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा सेवा की दृष्टि से रक्तदान शिविर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, संस्कारशाला तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए कई जिलों में प्याऊ के माध्यम से पानी पिलाने का काम परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। षष्ठीपूर्ति वर्ष में प्रांत में 5000 पूर्ण समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजरंग दल के जरिए कई प्रखंडों में बलोपासना केंद्र, दुर्गा वाहिनी के जरिए शक्ति साधना केंद्र संचालित किया जा रहा है। साथ ही, सत्संग, गोरक्षा, धर्म प्रसार आदि के कार्य संपूर्ण झारखंड में चलाए जा रहे हैं। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके, इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी। साथ ही, बैठक में उपस्थित होने के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।




## सरला बिरला के विद्यार्थियों का यंग आइडिएटर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नैनीताल में आयोजित गोविंद बल्लभ पंत एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी, जिसमें देश भर के 14 स्कूलों के 110 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

सुकरात, गैलीलियो, गांधी, पेरियार की वास्तविक और रूपात्मक दुनिया की थीम पर आधारित 'क्रिएटिव राइटिंग और स्पोकन वर्ड' प्रतियोगिता में सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा 11वीं की प्रज्ञाश्री होता और निशिका राज ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल में रनर अप स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं के नेयारा तहरीम, अदयान मलिक के साथ स्कूल के पूर्व छात्र चिन्मय ने भी 'डॉ ओटो वुल्फ मेमोरियल बहु-अनुशासनात्मक काइनेटिक कला स्थापना प्रतियोगिता' में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि मंडल का रनर अप स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की।

# वाणिज्य विभाग के भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा : डॉ सिन्हा

## छात्र आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विवि के कुलपति से की मुलाकात

*पीजी वाणिज्य विभाग की दयनीय स्थिति के संबंध में वीसी को बताया*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें पीजी वाणिज्य विभाग की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही वाणिज्य विभाग के भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इससे पहले, छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विवि के कुलपति को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि मोरहाबादी स्थित पीजी वाणिज्य विभाग की स्थिति दयनीय है। यहां कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है। बरसात के मौसम मे इस भवन की स्थिति और भयावह हो जाती है। घुटने तक पानी में छात्र-छात्राएं और टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ इस बिल्डिंग में बैठकर काम करने का मजबूर होते हैं। पिछले 2 सालों में लगभग कई लाख के विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं। लेकिन, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं विवि के कुलपति का इसपर कोई ध्यान नहीं है। वे सिर्फ अपनी मनमानी मे व्यस्त हैं। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय को भवन निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ 65 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। मोरहाबादी स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में भवन निर्माण के लिए जगह भी भी उपलब्ध है, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन सो रहा है। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय इकाई के वरीय उपाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का छात्र-छात्राओं के प्रति उदासीन रवैया छात्र आजसू बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर जल्द ही पीजी विभाग के नए भवन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो छात्र आजसू वाणिज्य विभाग एवं रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करेगी।



# पत्रकारिता की दीवानगी का दूसरा नाम थीं सुधा : बलबीर दत्त

## रांची प्रेस क्लब और सुधा-अरमान मेमोरियल ट्रस्ट ने किया पांच महिला पत्रकारों को सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पत्रकारिता को लेकर सुधा सिन्हा के अंदर जो दीवानगी थी, वैसा जुनून जीवन में बहुत कम लोगों में देखने को मिलता है। उसी जुनून में उन्होंने उस दौर में पाक्षिक अखबार निकालने का काम किया था। यह कहना था वरिष्ठ संपादक पद्मश्री बलबीर दत्त का। वे बुधवार को रांची प्रेस क्लब में सुधा-अरमान मेमोरियल ट्रस्ट और रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। बलबीर दत्त ने कहा कि दुनिया में जो आया है, वो जाएगा, यह शाश्वत सत्य है। परंतु, समय से पहले कुछ लोगों का चले जाना काफी खलता है। कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा के बल पर बढ़ता है, सुधा जी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण थी। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित होने वाली पांच महिला पत्रकारों को बधाई दी। वरिष्ठ संपादक हरिनारायण सिंह ने कहा कि जिस दौर में महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल था, उस दौर में वे पत्रकारिता में आईं, यह उनके साहस का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब की स्थापना जिन उद्देश्यों के लिए की गई थी, ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से उसको बल मिलता है। प्रेस क्लब को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत बधाई। वरिष्ठ संपादक अनुज सिन्हा ने कहा कि सुधा जी हम सभी के यादों में हमेशा रहेंगी। जिस दौर में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया था, वैसी चुनौती वही उठा सकता है, जिसके अंदर अदम्य साहस हो और सुधा जी उसका जीवंत उदाहरण थीं। बड़ी बहन के रूप में उन्होंने जो प्यार दिया, उसे भूल पाना संभव नहीं है। कार्यक्रम में स्व. सुधा सिन्हा के पति शुभ नारायण दत्ता ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए हर वर्ष उनकी याद में इस सम्मान समारोह को आयोजित करने की बात कही। रांची प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में क्लब के संयुक्त सचिव रतन लाल, कार्यकारिणी सदस्य मोनू कुमार के अलावा वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा मजूमदार, विमल देव, समाजसेवी प्रणव बब्बू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।




**इन्हें किया गया सम्मानित**

सोनाली दास, रेखा पाठक, महिमा सिंह, नीलू मिश्रा, आशिया नाजली

# रांची नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। रांची नगर निगम प्रशासक के आदेश पर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों को जाम मुक्त तथा अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रांची नगर निगम की टीम द्वारा कचहरी चौक, शहीद चौक से लेकर परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध निर्माण को गिराया गया। इस दौरान कई अतिक्रमणकारी अपने अवैध दुकानो को नहीं हटाने के लिए अड़े रहे। तब निगम ने उन अवैध अस्थायी संरचनाओं को जबरन हटाते हुए सामान भी जब्त कर लिया। बता दें कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों एवं विक्रेताओं को माइक के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निदेश निगम द्वारा दिया गया था। इसके उपरांत निगम द्वारा समान जब्त करते हुए कार्रवाई की गई।



### बरियातू में फिर सज गईं दुकानें

रांची नगर निगम की टीम ने दो दिन पहले ही रिम्स से लेकर बूटी मोड़ तक अतिक्रमण हटाया था। दो दिन बीतने के बाद ही रोड किनारे फिर से दुकानें सज गई। वहीं, अस्थायी स्ट्रक्चर को खड़ा किया जा रहा है। इससे साफ है कि इन दुकानदारों और अतिक्रमण करने वालों को रांची नगर निगम की कार्रवाई का कोई डर नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### ब्रह्माकुमारी विवि पिठोरिया में योग तपस्या भट्टी सह स्नेह मिलन का हुआ आयोजन



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बाडू पिठोरिया रांची में बुधवार को योग तपस्या भट्टी सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस एकदिवसीय योग तपस्या भट्टी कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जगहों से आए सैकड़ों भाई-बहनों ने भाग लिया। इस दौरान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी (बीके) राजमती बहन ने योग तपस्या भट्टी में शामिल होने वाले भाई बहनों को तिलक लगाकर संकल्प कराया। बीके राजमती बहन ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अपने दैवी स्वरूप की स्मृति कराना एवं प्रकृति, प्राणी, पंच तत्व व समस्त जन समुदाय में सुख-शांति के प्रकंपन को फैलाना है। साथ ही, सतयुगी दैवी स्वराज्य का आह्वान करना है, जिससे आने वाला स्वर्णिम युग ऐसा हो, जिसमें सब सुखी और निरोगी रहें। किसी को कोई दुख न हो। यह सपना साकार रूप ले ले। इस अवसर पर एकदिवसीय योग भट्टी कार्यक्रम में सभी भाई-बहनों ने अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध करने, टेंशन मुक्त जीवन जीने जैसे कई सकारात्मक चीजों को जीवन में लाने का संकल्प भी लिया।

### आरपीएफ ने 16 लाख के गांजा के साथ छह तस्करों को किया गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 32 किलो गांजा के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में बिहार के रोहतास निवासी दुलार चंद्र राम, रामगढ़ के मांडू निवासी बबलू कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, हेमंत मित्रा, बिनीत कुमार और पश्चिमी दिल्ली निवासी इकबाल खान शामिल है। बुधवार को ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ पोस्ट हटिया के अधिकारी और कर्मचारी, फ्लाइंग टीम रांची और जीआरपी हटिया के साथ प्लेटफॉर्म तीन पर चेकिंग में लगे हुए थे। चेकिंग के दौरान देखा कि छह व्यक्ति चार ट्रॉली बैग और एक बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उनके सामानों की जांच करने पर गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा का बाजार मूल्य 16 लाख रुपया आंका गया है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि राउरकेला से इकबाल खान ने उन्हें उक्त गांजा उपलब्ध कराया। गांजा को निजी लाभ के लिए ऊंची कीमत पर कानपुर में बेचा जाना था।

### पोलिंग पार्टियों का सेकेंड व माइक्रो आब्जर्वर का हुआ फर्स्ट रैंडमाइजेशन



**रांची ।** लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैंडमाइजेशन किया गया। रैंडमाइजेशन बुधवार को समाहरणालय में निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में किया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र के सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों) और माइक्रो आब्जर्वर के ईवीएम का रैंडमाइजेशन हुआ। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रांची समर्पण शाखा ने रक्तदान शिविर में एकत्रित किए 25 यूनिट ब्लड

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा (सत्र 2024-25) ने बुधवार को दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर महालक्ष्मी सुजुकी हरमू रोड में लगाया गया। इस शिविर में 25 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। इस कैंप के लिए अतुल गेरा ने सहायता की। रक्तदान शिविर में सदर हॉस्पिटल से डॉक्टरों की टीम आई थी। कैंप में ब्लड डोनेशन के साथ-साथ एक अवेयरनेस प्रोग्राम भी कराया गया। अतुल गेरा के साथ मिलकर अगल-बगल के ऑटोमोबाइल्स के लोगों के साथ यह सेशन चलाया गया कि क्यों ब्लड डोनेट करना चाहिए। रक्तदान कर के हम किसी को जीवन दान दे सकते हैं, क्योंकि एक इंसान ही दूसरे इंसान को ब्लड दे सकता है। इसे कहीं बनाया नहीं जा सकता। आज के रक्तदान शिविर में काफी लोगों ने आगे बढ़ कर रक्तदान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, रक्तदान प्रभारी रोजी खंडेलवाल, कोमल पोद्दार उपस्थित थीं।

### सुरेश्वर महादेव मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह कल

*11000 माता बहनें कलश यात्रा में होंगी शामिल*

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर समिति के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम के साथ इसका वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। समिति के सभी सदस्य पूरे जोर-शोर से तैयारी में जुट गए हैं। प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि सुरेश्वर महादेव मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें लगभग 11,000 माता-बहनें कलश के साथ शामिल होंगी। कलश यात्रा 10 मई (शुक्रवार) को सुबह 5:00 बजे मंदिर प्रांगण से निकलकर के बहूबाजार स्थित बनस तालाब तक जाएगी और वहां से जल लेकर वापस मंदिर प्रांगण आएगी। उसके उपरांत बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा और अभिषेक के बाद रुद्राभिषेक किया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद पूजन के बाद दिन में 3:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी शिव भक्त बाबा का प्रसाद को ग्रहण करेंगे। संध्या 7:00 बजे बाबा भोलेनाथ का अद्भुत शृंगार किया जाएगा। संतोष कुमार ने कहा कि हमारे मंदिर में बाबा का जो शृंगार होता है, वह अपने आप में अद्भुत होता है। शृंगार के बाद महाआरती की जाएगी। महाआरती के बाद फिर से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में पूरे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी जुट गए हैं। संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, रतन लाल, कृष्णा साहू, गुजा तिर्की, रंजीत राम, केशव केसरी, छत्रधारी महतो, रूपेश केसरी, कलेश्वर साहू, संजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।




# पति और पिता की राजनीतिक विरासत संभाल रही बेटियां-बहुएं व पत्नियां

उपेंद्र गुप्ता। रांची

**देश के राजनीतिक इतिहास में राजनेताओं की विरासत बेटे को ही संभालने की परंपरा रही है, लेकिन झारखंड में बेटों से दो कदम आगे बेटियां, घर की बहुएं और पत्नियां बखूबी संभाल रही है। इसमें विधायक जोबा मांझी,अन्नापूर्णा देवी, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, सविता महतो,कल्पना सोरेन का नाम प्रमुख है, जो अपने पति की राजनीतिक विरासत को आज भी संभाल रही है । इनमें पूर्व विधायक निर्मला देवी, पूर्व सांसद आभा महतो और सुमन महतो का नाम भी शामिल है, जो पति के विरासत को आगे बढ़ा चुकी हैं।**

## पति के निधन या जेल जाने के बाद उतरी राजनीतिक मैदान में



जोबा मांझी | अन्नापूर्णा देवी | गीता कोड़ा | सीता सोरेन | सविता महतो | कल्पना सोरेन

विधायक जोबा मांझी, सांसद अन्नापूर्णा देवी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सीता सोरेन, विधायक सविता महतो और कल्पना सोरेन ऐसी पत्नियां और घर की बहुएं हैं, जो अपने पति के निधन के बाद या जेल जाने के बाद राजनीतिक मैदान में उतर सफलता के झंडे गाड़ दी। 1994 में झामुमो विधायक जोबा मांझी अपने पति देवेंद्र मांझी की हत्या के बाद राजनीति में कदम रखा और आज भी विधायक हैं और सिंहभूम से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी भी अपने पति रमेश यादव के निधन के बाद 1998 में राजनीति के मैदान में उतरी और पहले राजद के टिकट पर कोडरमा से विधायक बनी, फिर 2019 में भाजपा में शामिल हुई और कोडरमा से जीतने के बाद केंद्र में मंत्री बनी। शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन भी अपने पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद 2009 में राजनीति में उतरी और तीन बार जामा से विधायक चुनी गई, 2024 में भाजपा में शामिल होने के बाद दुमका से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। जमशेदपुर की पूर्व सांसद सुमन महतो और ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी अपने पति के निधन के बाद ही राजनीति में शामिल हुई।

## बेटियां व बहु भी हैं राजनीतिक उत्तराधिकारी



अंबा प्रसाद | अनुपमा सिंह | यशस्विनी सहाय

इन पत्नियों और बहुओं की तरह कई राजनेताओं की बेटियां भी अपने पिता के विरासत को संभालने में जुटी है, जिसमें कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद,अनुपमा सिंह और यशस्विनी सहाय का नाम शामिल है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद अपने पिता और पूर्व विधायक-मंत्री योगेंद्र साव का तो कांग्रेस के ही विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अपने पिता पूर्व विधायक-मंत्री बंधु तिर्की का विरासत संभाल रही है। वहीं अनुपमा सिंह अपने ससुर पूर्व विधायक-मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ रही है, वैसे अनुपमा के पति अनूप सिंह बेरमो से विधायक भी हैं। पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय भी अपने पिता की सुबोधकांत सहाय का राजनीतिक विरासत संभालने के लिए रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

### राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

# भ्रष्टाचार बढ़ाओ-भ्रष्टाचारी बचाओ ठगबंधन सरकार की गारंटी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप पत्र जारी करते हुए झारखंड की ठगबंधन सरकार की सच्चाई का खुलासा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने आरोप पत्र का विमोचन प्रदेश मीडिया सेंटर में किया। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

**सरकार के संरक्षण में चल रहा भ्रष्टाचार :** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि राज्य सरकार एक तरफ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है और फिर उसे बचाने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपए मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपए मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस आदिवासियों को कीड़ा मकौड़ा की तरह समझती है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है।

**भ्रष्टाचारी सरकार का पार्ट 2 है चंपाई सरकार :** विधायक सीपी सिंह ने कहा की सरकार के लोगों पर नेगेटिव सेट किया जा रहा है, हेमंत सोरेन इस्तीफा देने के बाद और सत्ता संभालने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने सदन में कहा था कि यह हेमंत सरकार पार्ट 2 होगी। तब लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन समझ में सभी को रहा है कि यह सरकार भ्रष्टाचार की पार्ट 2 है, बल्कि उससे भी बढ़कर निकल रही है।




## हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार पर 28 पन्नों के आरोप पत्र का किया विमोचन

भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है। आरोप पत्र भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। आजाद भारत में किसी राज्य के सीएम द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं।

# देश बचाने के लिए कांग्रेस के सभी नेता व कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं : सुबोधकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की एक बैठक कांग्रेस भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के स्थापित नेता हैं। आप इस चुनावी युद्ध में जोर-शोर से लग जाएं। देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को पंचायत एवं बूथ स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है। यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं, बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है। देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है। इसीलिए सभी नेताओं को गांव-गांव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने सुझाव दिये। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि अब चुनाव में समय बहुत कम है। हम सबको पूरी ताकत झोंक देनी है ताकि जीत सुनिश्चित हो। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद ने किया। बैठक में दीपा उरांव,जसीम अंसारी, राजेंद्र सिंह मुंडा, सुधा देवी, अर्चना मिश्रा, नागेश्वर महतो, महताब आलम, गौरीशंकर महतो, मदन मोहन मिश्रा, मीनू सिंह, चंदन बैठा, रश्मि पिंगुआ, सुनील उरांव, रमेश पांडे, जफर इमाम, रीता चौधरी, माधो कच्छप, रफीक खान, रामदेव सिंह, जफर इमाम, जगदीश चंद्र आदि थे।



## तीसरे चरण के मतदान के बाद पीएम मोदी व भाजपा नेता हताश और निराश : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है, जो रिपोर्ट आ रही है, उसके अनुसार मोदी और भाजपा चुनाव हार रहे हैं। पहले से मुद्दाविहीन मोदी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के दुराचारी, आरोपितों और भ्रष्टाचारियों को पहले टिकट दिया और अब उनके लिए मोदी घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं।उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते हैं। अनाप-शनाप बोलकर क्यों झारखंड का माहौल खराब कर रहे हैं। ये लोग अपनी निश्चित हार को देखते हुए अब हिंदू और आदिवासी को टोपी पहनाकर भाजपा में शामिल करा रहे हैं। गत दिवस मुस्लिम के नाम पर हुए भाजपा के ज्वाइनिंग पर जिस तरह की खबरें आ रही है, वह चिंताजनक और हताशा भरा कदम है।

# रांची एसएसपी ने अर्धसैनिक बलों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को कार्यालय में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की। बैठक में रांची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी। बैठक में फोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीण एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिए आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया। बैठक समापन के बाद एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



बैठक में अर्धसैनिक बलों (एसएसबी-सीआरपीएफ) एवं झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर बुधवार को विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ समाहरणालय में बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 में आवश्यक सेवा के चिह्नित विभागों के अनुपस्थित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कोषांग के पदाधिकारी संजय कुमार भगत ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक सेवा के चिह्नित विभागों के मतदान कार्य में लगे अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग विगत छह मई से कराई जा रही है। वर्तमान में 4 लोकसभा क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा एवं पलामू के लिए प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 'घ' भेजा गया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 7,365 कर्मी, जो मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे।

## पोस्टल बैलेट से निम्न स्थानों पर कराई जा रही वोटिंग

रांची में सुविधा केंद्र हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, में चालक, उपचालक, सफाईकर्मी आदि की वोटिंग कराई जा रही है। सुविधा केंद्र राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय, कांके में मतदान दल के कर्मी, मतदान में अनुपस्थित रहने वाले कर्मी, पदाधिकारी एवं अन्य की वोटिंग कराई जा रही है। सुविधा केंद्र पुलिस लाइन, रांची में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जो ड्यूटी में रहेंगे एवं मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका मतदान कराया जा रहा है। मतदान सुविधा केंद्र रांची समाहरणालय, ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-204 में वोटिंग कराई जा रही है।

## चुनाव आयोग के जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों और लेखा जांच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह के जरिए चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रख-रखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

## चुनाव आयोग के जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का प्रेक्षक ने दिया निर्देश

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों और लेखा जांच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह के जरिये चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

# लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरे से होगी वेबकास्टिंग : रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ केंद्रीय निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।



## वाहनों का ससमय भुगतान कर कार्य मुक्त करें

रवि कुमार ने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सबका वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सीईओ ने मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग अभियान की सफलता पर जताया आभार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के कार्यालय द्वारा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग अभियान ट्रेंड में रहा। इस अभियान में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी के स्तर पर सभी स्वीप कार्यक्रमों का डिजिटल कंटेंट तैयार कर सात मई को शाम छह से आठ बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किए गए। इसके अलावा सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के सोशल मीडिया हैंडल से भी स्कूल के बच्चों द्वारा किये गए मतदाता जागरुकता के कार्यों जैसे, अपने अभिभावकों को पत्र, पोस्टर आदि के डिजिटल रूप को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। इस दौरान सभी जिले में हुए अबतक के स्वीप कार्यक्रम जैसे, प्रभातफेरी, मैराथन आदि की तस्वीरें भी सोशल मीडिया हैंडल्स से साझा की गईं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के नेतृत्व में किये गए सभी जिलों के प्रयास से कैम्पेन सफल रहा। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर, मीडिया के प्रतिनिधियों, निर्वाचन के लिए सभी जिलों में गठित मीडिया सेल के कर्मियों का आभार जताया।

# न्यूज | बॉक्स

## हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश और अर्जुन मुंडा सहित अन्य भाजपा नेताओं को राहत बरकरार



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने बुधवार को सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## झारखंड हाई कोर्ट में राजेश राय की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। मामले में इंडिक्योर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब के लिए एक और मौका देते हुए अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि बरियातू की चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की जमीन की क्या प्रकृति है? इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आए हैं उसे शपथ पत्र के माध्यम दाखिल करने का निर्देश दिया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

## हाई कोर्ट की सुनवाई में गृह विभाग की प्रधानसचिव वर्चुअली उपस्थित हुईं

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की 30 डिसमिल जमीन पर पुलिस टीओपी बनाया जायेगा। दादेल ने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ जमीन पर चहारदीवारी के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रधान सचिव हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन सक्षम हैं। इसमें गृह विभाग की भूमिका नहीं है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को बाउंड्री वॉल के संबंध में प्रधान सचिव, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 13 जून निर्धारित की है। बीते मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ क्षेत्र में बाउंड्री वॉल बनाने के संबंध में अभी कोई प्रस्ताव नहीं है।

## झारखंड हाई कोर्ट से सरायकेला थाने के पूर्व इंचार्ज मनोहर कुमार को मिली जमानत




**रांची।** प्रेम प्रसंग में पकड़े गए नाबालिग की पुलिस कस्टडी में आत्महत्या मामले में आरोपित सरायकेला पुलिस स्टेशन के तत्कालीन इंचार्ज मनोहर कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से बुधवार को राहत मिल गई। हाई कोर्ट ने मनोहर कुमार के मामले में चार्ज फ्रेम हो जाने को देखते हुए उसे जमानत दे दी। मामले में मनोहर कुमार 17 अक्टूबर, 2023 से जेल में है। नाबालिग 27 अक्टूबर, 2022 को शादी की नीयत से लड़की को भगा ले गया था। लड़की के जीजा एवं भाई ने उन दोनों को पकड़ लिया था। बाद में उन्होंने किशोर को 31 अक्टूबर, 2022 को सरायकेला थाना पुलिस के हवाले कर दिया था। आरोप है कि किशोर ने नवंबर 2022 को बेल्ट से फांसी लगाकर पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगा जुमार्ना किया माफ

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर पूर्व में लगाए गए 1,25,000 के जुमार्ने को बुधवार को माफ कर दिया।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने अर्जुन मुंडा पर लगाए गए जुमार्ना की राशि माफ करने का आग्रह कोर्ट से किया था, जिसे कोर्ट ने मान लिया। साथ ही कोर्ट ने रांची में बीजेपी के सचिवालय मार्च मामले में धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों पर पीड़क कार्रवाई पर रोक 25 जुलाई तक बरकरार रखी है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान यह पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। बाद में मामले की सुनवाई भी हाई कोर्ट में हुई थी। कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1,25,000 रुपये जुमार्ना लगाया था। हालांकि, कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी।

## सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था। हालांकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।

## एक नजर

### हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए विधानसभावार आब्जर्वर नियुक्त

**बरही।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए बरही-21, बड़कागांव -22, रामगढ़ -23, मांडू -24 और हजारीबाग- 25 विधानसभा क्षेत्र के लिए जेनरल और पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किए जाने की सूचना प्रेषित की है. मीडिया कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग ने 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बरही-21 व बड़कागांव - 22 के लिए आईएएस अधिकारी चन्द्रमौली शुक्ला मोबाईल नं. 8987796320 को सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति की सूचना किया है. वही रामगढ़-23, माण्डू-24 एवं हजारीबाग-25 के लिए आईएएस अधिकारी नेल्ली कुमार सुब्रह्मण्यम, मोबाइल संख्या 8987796321 को प्रतिनियुक्त किया गया है. सभी सामान्य नागरिक एवं सभी राजनैतिक दल चुनाव संबंधित समस्याओं को लेकर विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से प्रतिदिन संध्या 5 से 6 बजे के बीच परिषदन हजारीबाग में संपर्क कर सकते है. अपनी शिकायतें एवं समस्याओ के निराकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलकर या उनके मोबाइल पर भी सम्पर्क कर सकते हैं.

### गिद्दी में तेज आंधी पानी से मौसम में आया बदलाव, गर्मी से राहत

**गिद्दी।** गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी और पास के गांवों में शाम में साढ़े पांच बजे तेज आंधी के साथ बारिश होने से मौसम में बदलाव आया है। मंगलवार को दोपहर बाद साढ़े चार बजे तक उमस भरी गर्मी से परेशान लोग तेज आंधी और बारिश के बाद ठंड महसूस करने लगे। मंगलवार को दिन में अधिकतम 37 डिग्री सेल्सियस रहने वाला तापमान गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस हो गया। मंगलवार को हुई इस बारिश के कारण लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तापमान गिर गया। इधर आंधी और बारिश के कारण गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, वाशरी कॉलोनी और पास के गांवो में अनेकों पेड़ के गिरने से सड़क जाम हो गया। कई लोगों के घर दरवाजे पर पेड़ गिरने से नुकसान हुआ है। कई लोगों के एस्बेस्टस सीट के छत उड़ गए।

### पतरातू थाना क्षेत्र के 36 लोगों के खिलाफ धारा 107 लगाई गई

**पतरातू।** आसन्न लोकसभा चुनाव में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी रामगढ़ ने पतरातू थाना क्षेत्र के 36 लोगों पर धारा 107 लगाई गई है। जानकारी देते हुए पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ धारा 107 लगाई गई है। उन्हें नोटिस भी दिया जा रहा है। इसमें दीपक राव स्टीम कॉलोनी, अनिल कुमार तिर्की टोकीसूद, विक्की सिंह साकूल, हेमंत कुमार थर्मल मोड, आनंद गंजू तलाटांड, संजय कुमार रामून राम जयनगर, गंगाधर महतो, राजेश महतो रोचाप, रघुवीर महतो पालू, माइकल कुमार सिंह, नटल कुमार सिंह, अंकित कुमार उर्फ पेट्रोलिंग पतरातू बस्ती, विकास कुमार सिंह जयनगर और सांकुल निवासी अविनाश कुमार आदि शामिल हैं।

## 9 अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

# उपायुक्त ने 2 अपराधियों को किया जिला बदर

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।

### इन अभियुक्तों को रखा गया है निगरानी में

◆अपराध कर्मी अमित साहू उर्फ. जूली पतरातू बस्ती पतरातु, दीपक रजक न्यू मार्केट पतरातू, राजू सिंह बिना टॉकीज के समीप, रवि ठाकुर मुर्पा मांडू, जागो मांझी बांदा टोला पिपरा जरा गोला, नियत अली उर्फ भोलू गोलपार रामगढ़, बीरचंद मांझी पिपराजरा गोला, सागर सोनकर उर्फ राजा गोलपार रामगढ़, नसीम अंसारी गोला को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने के लिए आदेश दिया गया है ◆यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा। इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 2 कुख्यात अपराधी चंद्रमा ठाकुर जयनगर पतरातु, एवं पवन ठाकुर जयनगर पतरातु के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं◆अभियुक्त को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले 3 माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी ◆यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन करने वाले झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

### केदला में माहवारी स्वास्थ्य को लेकर निकाली गई प्रभातफेरी

**रामगढ़।** बच्चियों और महिलाओं को मासिक धर्म की जानकारी, मासिक धर्म के समय महिलाओ और बच्चियों को साफ सुथरा कैसे रहाना है। जिससे बिमारी ना होये और लोग स्वस्थ रहें। इसे केदला नगर में बुधवार को सरोज देवी फाउंडेशन के तत्वाधान में मेंस्ट्रूअल हाइजीन प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें मुख्य रुप से केदला मध्य पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी, केदला दक्षिणी की मुखिया अनीता देवी, समाजसेवी शीतल देवी, हेमलता देवी, मीना देवी, प्रीति देवी, कमलेश महतो, प्रेम करमाली, राजकुमार राम सहित केदला नगर के सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेघलाल महतो, हेमंती देवी, कैलाश महतो, सुनीता देवी, गणेश महतो, रविशंकर कुमार, सुनीता देवी आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा। इस आयोजन का शुभारंभ पब्लिक उच्च विद्यालय केदला नगर से हुई।

## न्यूज बॉक्स

### इंडी प्रत्याशी जेपी पटेल के लिए समाजसेवी मुन्ना सिंह ने मांगा जनसमर्थन



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता और समाजसेवी मुन्ना सिंह ने विकास के सपने को साकार करने के लिए जेपी भाई पटेल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड के खपारियावां, नवादा तथा ढेंगुरा ,पंचायत बेस पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया।इस जनसंपर्क अभियान के दौरान, उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें संबोधित किया। जनसंपर्क के दौरान श्री सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को भी अपने अनुभवों को साझा करने का मौका दिया, जिससे स्थानीय जनता का विश्वास मजबूत हो।मौके पर उन्होंने कहा कि हमें हर व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, समझना और उनके साथ मिलकर समाधान ढूंढना है। हम जनता के साथ हैं और उनके विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। बता दें कि यह दौरा न केवल संवाद का माध्यम बना, बल्कि एक नई शुरूआत का भी संकेत था, जो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस जनसंवाद यात्रा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हो रहा है।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी : नैंसी सहाय




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन नए समाहरणालय भवन में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय उपस्थित हुई। फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, इसके बाद रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। रक्तदान शिविर में कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया।रक्तदाताओं को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। साथ ही सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए बधाई देते हुए कहा कि 20 मई को मतदान अवश्य करें। मौके पर सचिव तनवीर सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध हो सके। इस रक्तदान शिविर में जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, परिमल, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा, आशीष निधि, अनुपम सिन्हा, राज किशोर प्रसाद, रितेश खण्डेलवाल, सनंत सिन्हा, पवन कुमार, संतोष कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### पेयजल व स्वच्छता विभाग की लापरवाही से हजारों लीटर पानी की हो रही बर्बादी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की लापरवाही से इस भीषण गर्मी में हजारों लीटर पानी की बबार्दी का मुद्दा उठाया है।बताया कि कंचन ग्राउंड स्टेडियम राज रेस्टोरेंट के सामने पिछले 15- 20 दिन से पानी का पाइप फटा हुआ है जिससे पानी की बबार्दी के साथ हीं सड़क भी खराब हो रहा है। जनता पानी के लिए परेशान है और रोड में इतना पानी बह जाता है कि जिससे सारे शहर की प्यास बुझ सकती है।

### ड्रीम इलेवन में बेलकप्पी के युवक संदीप कुमार ने मारी बाजी,जीता पांच लाख

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी निवासी संदीप कुमार राम पिता नकुल राम ने बीते मंगलवार रात्रि को हुए आइपीएल क्रिकेट मैच में दिल्ली कैपिटल ओर राजस्थान रोयल्स के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में ड्रीम इलेवन में अपना टीम बनाकर नौ सौ चौबीस प्वाइंट प्राप्त किया व चौथा रैंक के साथ पांच लाख रुपये की राशि प्राप्त किया है।बताते चलें कि संदीप कुमार राम अपना जीविकोपार्जन हेतु मुबंई में रहकर मजदूरी का कार्य करता है।

#### पंचफेड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

### अन्नपूर्णा देवी को जीतने के लिए बनाई गई रणनीति

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित पंचफेड़ी चौक में भाजपा मंडल इकाई बेड़ोकला की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी केदार साव एवं रीतलाल प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया।इस निमित कोडरमा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से जीताने के लिए रणनीति बनाई गई।वहीं संबोधित करते हुए केदार साव ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग संविधान बचाने का नहीं अपना भ्रष्टाचार का पाप बचाने के लिए एकजुट हुए हैं,जनता जागरूक हैं। कोडरमा की जनता अन्नपूर्णा देवी को जीताने के लिए दृढ़संकल्पित है।हमलोगो को सिर्फ जागरूक करने की जरूरत है। इसी निमित्त चुनावी पंचायत प्रभारी का मनोनयन किया गया। जिसमें बेड़ोकला से सरयु यादव एवं द्वारिका पासवान, तुइयो से अनिल आजाद एवं अशोक दास, कपका से इंद्रदेव यादव एवं मुरलीधर प्रसाद, गंगपाचो सरयु प्रसाद एवं दिलीप प्रसाद,गयपहाडी तुलसी चौधरी एवं बासुदेव महतो, गैंडा महेश कुमार गुप्ता एवं रामचंद्र राम ,चुगलामों छोटेलाल प्रसाद एवं दयानंद प्रसाद, बरकनगांगो से महेन्द्र प्रसाद एवं छोटीलाल यादव हैं। कहा कि पंचायत स्तरीय बुथ कमेटी की बैठक 11 मई को सभी पंचायतों में की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से सरयु प्रसाद,अनिल आजाद, छोटेलाल मेहता, रीतलाल चौधरी, वास्ते माता ध्रुव नारायण पासवान, द्वारिका पासवान, निरंजन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

#### भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित

### 17 मई को रामगढ़ में गृह मंत्री अमित शाह का होगा रोड शो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला समिति की बैठक 8 मई को शहर के होटल शिवम इन में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में जिला के पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री , मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के महामंत्री तथा जिला में निवास करने वाले वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। बैठक में 12 मई को चतरा जिला के सिमरिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल रैली में 15 मई को आसाम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्वशर्मा के रजरप्पा डीएवी पब्लिक स्कूल के मैदान होने वाले चुनावी सभा तथा गृह मंत्री अमित शाह के रामगढ़ कैंट में 17 मई को होने वाले रोड शो कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया । साथ ही उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने पर चर्चा हुई। 12 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिमरिया रैली में रामगढ़ जिला से अधिक से अधिक बूथ स्तर से कार्यकर्ता एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित कर उसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी तय की गयी। बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत,लोकसभा संयोजक टुनू गोप,सह संयोजक रणंजय कुमार, मिथिलेश मंडल उपस्थित थे ।

#### जमीन का पैसा न मिलने पर रैयतों ने रोका सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य

### मुआवजा के नाम पर सिर्फ आश्वासन : रैयत



**रैयतों को मुआवजा राशि नहीं दिया जायेगा, तब तक रैयत अपना मकान और जमीन खाली नहीं करेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
जीटी रोड स्थित गोरहर में सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण के लिए निर्माण कार्य को लेकर निर्माण कंपनी द्वारा बुधवार दोपहर 2 बजे से लेकर 5 बजे तक मशीने चलाई गई ।वहीं खाता नंबर 63, प्लॉट नंबर 2889 के मोहर महतो, सुकर महतो, जेठु महतो, निर्मल महतो, बुधदेव महतो का सिक्स लेन निर्माण के लिए अधिग्रहीत जमीन के भू-स्वामियों ने गोरहर हनुमान मंदिर के पास एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता गोरहर उपमुखिया प्रतिनिधि अरुण महतो ने की। वहीं उपस्थित रैयतों का कहना है कि मुआवजा के नाम पर हम लोगों को अब तक सिर्फ आश्वासन मिला है। बगैर मुआवजा दिये कंपनी के अधिकारी प्रशासन के सहयोग से रैयतो के मकान को तोड़ने पर आतुर है। कंपनी की ओर से मकान खाली करने को लेकर प्रचार भी कराया गया है ।बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक रैयतों को मुआवजा राशि नहीं दिया जायेगा, तब तक रैयत अपना मकान और जमीन खाली नहीं करेंगे। रैयतों ने कारण बताया कि हमारे पास रहने की जमीन और ना मकान है। साथ ही मांगों को लेकर रैयत अनुमंडलाधिकारी और जिला उपायुक्त से मिल कर समस्या को रखेंगे, यदि जिला प्रशासन की ओर से रैयतो के पक्ष में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आगे की रणनीति तैयार कर चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर दर्जनों की संख्या में रैयत उपस्थित थे।

### बरही में दम तोड़ते जलमीनार, महिलाएं सुबह से ही पानी के लिए भटकने को विवश



**बरही।** बुधवार को पेयजल की समस्याओं से जूझ रहे बरही पुरवावज पंचायत के महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में वोट नहीं देने की बात कह डाली. महिलाएं सुबह से ही दम तोड़ते एकमात्र जलमीनार के नीचे खाली बर्तन लेकर अपनी बारी का इंतजार कर रही थी. महिलाओ ने बताया कि गर्मी आते हीं प्रत्येक वर्ष पानी को लेकर हाहाकार चालू हो जाता है. निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों का आश्वासन लगातार मिलते रहे है परंतु अब तक सिर्फ कोरा हीं साबित हुआ है. चुनाव आते ही लंबे चौड़े आश्वासन मिलते है परंतु गद्दी मिलते ही सभी भूल जाते है. इनलोगो ने बताया कि मुहल्ले के सभी जलस्त्रोत सुख चुके है. परंतु पेयजल को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि या प्रशासन गंभीर नहीं है. महिलाएं पानी की समस्या से काफी आक्रोशित थीं. इनलोगो ने इस बार लोकसभा चुनाव में पानी नहीं तो वोट नहीं करने की बात कही. ज्ञातव्य हो कि पानी की समस्या से बरही चौक सहित पड़ीरमा, कारिमाटी, तुरी टोला कोनरा आदि मुहल्ले के वासी पीड़ित है. पड़ीरमा के युवकों ने भी बताया कि जलमीनार बनाया गया है परंतु इससे जलापूर्ति के आसार अब तक नहीं दिख रहे है. वही 14वीं व 15वीं वित से बनाए गए लगभग जलमीनार देख भाल के अभाव में व्यर्थ हो गए हैं.

## राधाकृष्णन कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# मतदान से विकास की राह आसान होती है : प्रचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान के माध्यम से एवं रामगढ़ निर्वाचन आयोग के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंग महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा के द्वारा डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरंभ किया गया। श्री राणा ने कहा कि मतदान देश के हर नागरिक के जरूरी है। एक वोट से लोगों को भविष्य बदल सकता है। मतदान से ही विकास की राह आसान होती है। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता तथा बी.एड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भी डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। रामगढ़ निर्वाचन के पदाधिकारी गावेश कुमार ने शिक्षक एवं प्रशिक्षुओं को मतदान संबंधी सूक्ष्म से सूक्ष्मतम जानकारी दिये एवं प्रशिक्षुओं को नारे एवं स्लोगण से जागरूक किया। मंच का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक राम ने मतदाता प्रतिज्ञा दिलायी एवं मतदान पर अपने विचार दिये। डॉ. राजेश महतो लोकतंत्र मे मतदान पर विस्तृत चर्चा किये। प्राचार्य प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशिक्षुओं से मतदान करने की अपील की. महाविद्यालय प्रांगण में जामून एवं आम का पौध रोपण मतदान ब्रांड अम्बेसडर मुस्कान कुमारी और विवेक कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो, डॉ. अशोक राम, विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, सुलेखा कुमारी तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी (कार्यालय अधीक्षक), नंदलाल कुमार (आइसीटी इंचार्ज), निशा कुमारी (पुस्तकालयाध्यक्ष), पवन कुमार (तकनीकी सहायक), मुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल गहतो (माली) बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

### बरकट्ठा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बरकट्ठा।** कोडरमा लोकसभा के इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह का चुनावी जनसंपर्क अभियान बुधवार को बरकट्ठा प्रखण्ड के विभिन्न गांव में हुआ। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव भी शामिल रहे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ लोगों को झंडे में तीन तारा छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील करते हुए बेडोकला, तुईयो, कपका, गैड़ा, बरकनगांगो, तुर्कबाद, केन्दुआ, गयपहाडी, कलहाबाद, पचफेडी चौक, सलैया, झुरझुरी, कोनहरा खुर्द व बरकट्ठा पहुँचे। वहीं कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मैं आपका माटी का बेटा बनकर, भाई बनकर लोकसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास करूंगा। आपलोगों को वर्तमान सांसद केंद्र में मंत्री रहने के बाबजूद ठगने का काम की हैं। मैं यह भरोसा दिलाता हूँ कि आपसे सुख में नहीं बल्कि दुख में हर वक्त खड़ा रहूंगा।

#### छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मेलन आयोजित

### संस्कार युक्त विद्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही संभव है : शैलेन्द्र कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सह अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता,अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आचार्य राज कुमार सिंह ने अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य एवं भूमिका प्रस्तुत गया। सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा तो कहीं से भी प्राप्त होता है लेकिन संस्कार युक्त विद्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही संभव है। जिसके कारण एक अलग ही पहचान बनती है। कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया।

#### विभिन्न गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

### मोदी ने भारत का नाम रोशन किया



**बरकट्ठा।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद और बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक के नेतृत्व में जन संपर्क अभियान चलाया। क्षेत्र के झुरझुरी, लगनवां, बरकट्ठा दक्षिणी, चेचकपी आदि जगहों पर भाजपा का बूथ समिति सत्यापित किया गया और बूथ समिति को जीत का मंत्र पढ़ाया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद ने कहा कि मोदी है तो हर संभव मुमकिन है उन्होंने दुनिया भर में भारत का लोहा बनवाया है। आज भारत का नाम पूरे विश्व में गुंज रहा है। 70 साल तक कांग्रेस ने देश को लूटने का काम किया। कांग्रेस के शासनकाल में देश में दुश्मन गोली और पत्थर बरसाते थे। लेकिन मोदी के भाजपा सरकार में गलत निगाहें उठाने वाले कांपते हैं। उन्होंने लोगों से भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर देखी जा रही है। भाजपा की जीत निश्चित है। मौके पर मीडिया प्रभारी रविन्द्र कुमार, प्रमेश्वर साव, मुकेश यादव,मनी यादव,राजू यादव,अजय मोदी, पिंकू यादव, पिंटू सोनी,राजू यादव, महेश यादव, इंद्रदेव मोदी, सुरेंद्र मोदी, नागेश्वर करमाली समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का दिया निर्देश : उपायुक्त

**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाये गये वज्रगृह सह डिस्पैच सेंटर के लिए चिह्नित कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने 71-कोलेबिरा एवं 70-सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए तैयार नक्शे का अवलोकन किया. उपायुक्त ने बूथवार मार्किंग, हेल्प डेस्क, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सीटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा आदि का जायजा लिया. संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से जानकारी ली. पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम के लिए चिह्नित स्थल का निरीक्षण किया. कॉलेज मेन गेट के सामने में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कहीं. उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी सुविधाओं के अलावा सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.

### सिमडेगा पुलिस में चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सिमडेगा।** पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया विगत लोकसभा चुनाव 2019 में सबसे कम मतदान हुआ है, सिमडेगा पुलिस के द्वारा कम्यूनिटी पुलिसिंग, मोर पुलिस मोय पुलिस के तहत तीन दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में, लोगों के बीच पंपलेट बांट कर तथा मतदाता जागरूकता हैंड बैंड पहनाकर मतदान के प्रति जागरूक करते हुए निर्भिक होकर बिना किसी दबाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया. साथ ही लोगों से अपील किया गया कि वे अपने आस-पास के लोगों तथा अपने परिवार के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

### झारैन मोड़ के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में गिरकर युवक घायल

**कुरडेग।** कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के झारैन मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिर कर युवक हुआ घायल घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दयानंद मांझी २२ बर्ष पिता जगेश्वर मांझी ग्राम कुसियार पानी थाना कुरडेग अपने घर वापस लौटने के क्रम में झारेन मोड़ के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गीर पड़ा जिससे युवक के माथे पर गंभीर चोट लगी कुरडेग प्रखण्ड के उप प्रमुख अजय जयसवाल ने नीजी वाहन से घायल को कुरडेग अस्पताल लाये जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिये सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिये।

## आंधी तूफान के साथ तेज बारिश, उड़ गए बीएसएनएल टावर में लगे सोलर प्लेट

# ठेकेदार ने बिना नींव के खंभे से ही लगा दिया था सोलर प्लांट





**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड अंतर्गत राजस्व ग्राम ढोढी में बीती रात के तेज हवा और बारिश ने बी एस एन एल टॉवर में लगे सोलर प्लेट को उखाड़ कर फेंक दिया। मंगलवार को देर शाम चली तेज हवाओं से बड़ी नुकसान हुआ है। जगह जगह पेड़ पौधे टूट गए। लगभग डेढ़ घंटे चले तूफान के दौरान तेज हवाओं के साथ जमकर बरसात हुई। बरसात से पूर्व आई तेज आंधी के चलते घरों मे धूल गर्दा जम गई वहीं गांव की विद्युत व्यवस्था भी ठप हो गई। बीती रात को आए तेज आंधी तुफान से बीएसएनएल टॉवर में लगे सोलर प्लेट उड़ गए। इस आधुनिक युग में नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे लोगों को इस सुदूरवरती ग्राम में टावर लगने से ग्रामीणों में काफी खुशी थी, लेकिन प्रकृति का प्रकोप कहें या कंपनी के ठेकेदारों के लापरवाही का नतीजा, ग्रामीणों ने बताया कि टावर लगने के दरमियान कंपनी का ठेकेदारों के द्वारा बिना गड्ढा (नींव) किए ऐसे ही खंभा जोड़कर सोलर लगा दिया गया था। जिससे पहले आंधी तूफान है नहीं सह पाया और सोलर प्लेट उखड़ गया, ग्रामीणों का कहना है कि अगर नीचे थोड़ा गड्ढा खोद कर सोलर प्लेट लगाया गया होता तो ऐसा नहीं होता।

## हेमंत सरकार में कोयला, बालू व खनिजों की होती रही लूट

# झारखंड विरोधी है झामुमो और कांग्रेस : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सिमडेगा के टुकुपानी में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिए।कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज देश की चिंता किसी व्यक्ति और किसी संगठन को है तो वह है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी को है। 2024 में शपथ ग्रहण के बाद 3 करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे साथ ही 2029 तक लोगों को मुफ्त राशन देने का कार्य करेगी। देश में भूख से किसी व्यक्ति की मौत नही होगी इसकी गारंटी किसी ने दी है तो वो मोदी सरकार ने दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी झारखंड विरोधी और विकास विरोधी पार्टी है अगर यह झारखंड की ही तैसी होते तो झारखंड अलग राज्य कब का बन चुका होता लेकिन अलग राज्य राज्य का इन्होंने सौदा कर लिया। ये दोनों पार्टियां लोगों में भरम फैलाती है कि भाजपा सरकार आने पर जमीन व खनिज पत्थरों की हो रही है लुट। झारखंड में भाजपा के बाबूलाल, अर्जुन मुंडा एवं रघुवर दास की सरकार रही किसी के ऊपर कोई जमीन के लूट का आरोप नही है पर झामुमो कांग्रेस की सरकार बनते ही फर्जी कागजात बनाकर इन्होंने जमीन की लूट शुरू कर दी । आने वाला समय केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा का है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी का साथ देकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए यहां से अर्जुन मुंडा को जीता कर दिल्ली भेजें।

## बानो में तोरपा विधायक ने किया चुनावी कार्यालय का उदघाटन



**बानो ।** बानो भाजपा मंडल के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन नारियल फोड़ कर किया गया ।उन्होंने इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा विकसित भारत और समृद्ध भारत के लिए मतदान करें ।आपका एक-एक वोट कीमती है कार्यकर्ता चुनाव जीतने में अहम भूमिका निभाते हैं कार्यकर्ता जोर-शोर से खुटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को विजयी बनाने में सहयोग करें ।उन्होंने कहा बुथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे, वोट प्रतिशत को बढ़ाना है ।इस बार 400 पार का लक्ष्य दिया गया है उस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सबों को प्रयास करने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह विश्वनाथ बड़ाइक, कामेश्वर सिंह, बलराम सिंह ,फिरू बड़ाईक, रमेश दास, शिवराज बड़ाईक अखिलेश सिंह ज्योति देवी रूपेश बड़ाईक, लोदो सिंह , दीपक साहू, प्रकाश खत्री ,बिनय साहू, कल्पना तमगढ़िया, दिलमोहन साहू,स्मृति भद्रो, अजित तोपनो,भुषण साहु सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित से. कार्यक्रम में स्वागत भाषण पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने दिया. धन्यवाद ज्ञापन भाजपा प्रखंड महामंत्री फिरू बड़ाइक ने दिया।

## झामुमो नेताओं ने चलाया कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** बुधवार को झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, जिला सचिव शफीक खान, जिला कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा द्वारा जलडेगा तथा बांसजोर प्रखंड में इण्डिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्यासी कालीचरण मुंडा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें मुख्य रूप से कमार्पानी, बॉन्डोजारा, धर्मशाला, जामडीह, भुकुमुंडा, उरते आदि ग्राम शामिल हैं झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा - लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए महागठबंधन को सहयोग करें। सचिव मो सफीक खान ने कहा झारखंड की खनिज संपदाओं को लूटने के लिए भाजपा को वोट चाहिए। इस वक्त देश और राज्य को अपने मतों का अधिकार से बचाना है। नोवास केरकेट्टा ने कहा -हमारे जल, जंगल, जमीन को बेचकर पूंजीपत्तियों के हाथों में भाजपा सौंपना चाहती है।

### पेयजल की समस्या से लोगों की बढ़ी परेशानी

**सतगावां ।** सतागावां प्रखंड की सुदूरवर्ती कोठीयार पंचायत में पेयजल की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। अत्यधिक गर्मी के कारण नदी, नाले, कुआं, चापाकल आदि सूखने के कगार पर हैं। लोग एक किमी दूरी तय कर नदी, नाले से पीने का पानी भरकर लाते हैं। गांव के कुआं तालाब सभी सूख चुके हैं। गांव के लोग गंदे पानी पीने पर विवश हैं। हालांकि कुछ चापाकल सुबह-सुबह चल रहा है। लोगों को पीने के पानी के लिए गंदे नाले पर निर्भर हैं। पेयजल से प्रभावित गांवों घोड़ाकरण, मुगीर्याचक, खजुरिया, कमार्टांड़, गरडी, नावाडीह, घोड़साही, सिमरातरी, पांडुतरी, गोसाईतरी, रतनपुर, हरहवा, पचाने, कानीकेंद शामिल हैं। कई गांव ऐसे हैं, जिनकी आबादी 300 से भी अधिक है। ग्राम नावाडीह में लगाए गए जलमीनार शोभा की वस्तु बना हुआ है। नवाडीह में जलमीनार बगैर बोरिंग किए ही कुआं में समरसेबल लगाकर चालू कर दिया गया है।

## धर्म के नाम पर वोट बटोरने के प्रयास में जुटे लोगों से सचेत रहे जनता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि धर्म की राजनीतिक करने वालों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देना बहुत जरुरी है। आज भाजपा धर्म के नाम पर वोट बंटोरने में जुटी है। ऐसे पार्टी से जनता को सचेत रहने की जरुरत है। विधायक प्रखंड मुख्यालय में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के चुनावी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही कहा कि लोस चुनाव में जनता के आशिर्वाद से इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी इंडिया गठबंधन के साथ एकजूट नहीं हुए तो देश में उद्योगपतियों एवं पुंजीपतियों का बोलबाला होगा। गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के साथ जुल्म बढ़ेगा और देश में तानाशाह शाषण चलाए जाएंगे। कार्यक्रम को जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी संबोधित किया। साथ ही कहा कि सिर्फ धर्म की राजनीतिक करने मात्र से देश का भला नहीं हो सकता। आज बढ़ती महंगाई, रोजगार, पलायन जैसे गंभीर समस्या पर अंकुश लगाने, गरीबी मिटाने और जिले का विकास करने जैसे मुद्दों पर राजनीतिक होनी चाहिए। इसका एक मात्र विकल्प इंडिया गठबंधन है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा,जिप सदस्य प्रेमा बड़ा, केरसई लोक सभा प्रखंड प्रभारी माइकल खरिया, मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद, 20 सूत्री वाल्टर सोरेंग, महिला प्रखंड अध्यक्ष मधुचंद खलखो,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि सुरेन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन के सहयोग से रोकी गई दो नाबालिगों की शादी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** छोटानागपुर कल्याण निकेतन के मोबिलाइज के प्रचार - प्रसार के दौरान बाल विवाह का दो मामला सूचना में में सदर प्रखंड के तामड़ा एवम बंगरु पंचायत में नाबालिग बालिकाओ का शादी रोका गया। यह शादी 10मई को रखा गया था। बालिका का शादी गुमला जिला एवं एक बालिका का शादी रेंगारिह के लड़का से हो रहा था। जिसमें छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था एवं चिल्ड्रन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से यह शादी को रोका गया। जिसमें बंगरु पंचायत की मुखिया, थाना प्रभारी, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन, बाल संरक्षण पदाधिकारी और एसपी सिमडेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अगर यह शादी नहीं रोका जाता तो दो बालिकाओं का बचपन खत्म हो जाता है।

## भाजपा के कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने दिया इस्तीफा

# पार्टी नेताओं पर उपेक्षा का लगाया आरोप



**दीपक प्रकाश के हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त विदेश मंत्री के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के वरिष्ठ नेता अनिल सिन्हा सहित विष्णुगढ़ मंडल अंतर्गत बनासो क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को सुपुर्द किया। सभी लोगों ने भाजपा के शीर्ष नेताओं पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपने आपको ठगा महसूस कर रहे थे।

इस अवसर पर अनिल सिन्हा ने आरोप लगाया कि मैं लगभग 35 वर्षो से पार्टी की निष्ठा पूर्वक सेवा करता आ रहा हूं। आज जितनी उपेक्षा पार्टी के द्वारा हम सब का किया जा रहा है वह असहनीय हो गया है। अब वह पुरानी भाजपा नहीं रही। इस समय भाजपा में जेवीएम से आए हुए को तरजीह दिया जा रहा है और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा किया जा रहा है। अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर सका और विवश होकर दल छोड़ने का कठिन फैसला लेना पड़ा। अभी तो बस शुरूआत है। अब स्वाभिमानी कार्यकर्ता लगातार अपना इस्तीफा देते नजर आएंगे जिसकी सारी जवाब देही भाजपा के संगठन नेतृत्व का होगा। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के सासंद प्रत्याशी तो हम सब के प्रति दुर्भावना से ग्रसित हो गए हैं। उनको यह भी याद नहीं रहा कि जिस यशवंत सिन्हा को वे अपना दुश्मन बना बैठे हैं, उन्हीं की बदौलत विधायक बने थे। यशवंत सिन्हा के आशीर्वाद से ही भाजपा का टिकट मिला था मगर अपने आप को विधायक ने भस्मासुर साबित कर दिया। भस्मासुर का क्या परिणाम हुआ यह तो सारा जग जाहिर है इस प्रकरण का यही अंत नहीं हुआ। आग में घी डालने का काम हजारीबाग में भाजपा के डैमेज कंट्रोल करने आए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने पूरा कर दिया। उनके द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया। उनके द्वारा हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त विदेश मंत्री के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई। इन्हीं सब कारणों से आहत होकर भाजपा के समर्पित कार्यकताओं ने भाजपा से इस्तीफा देना शुरू कर दिया।

### अक्षय तृतीया के मुहूर्त में कर सकते हैं शुभ कार्य

**झुमरी तिलैया ।** सनातन धर्म में अक्षय तृतीया को बेहद खास त्योहार माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की उपासना करने से जीवन में तरक्की होती है। अक्षय तृतीया के दिन सोना-चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। पं. मंटू पांडेय ने कहा कि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन किए गए शुभ और धार्मिक कार्यों के अक्षय फल मिलते है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि वृषभ में होते हैं। इसलिए दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय हो जाता है। अक्षय का अर्थ होता है- जिसका क्षय न हो। माना जाता है कि इस तिथि को किए हुए कार्यों के परिणाम का क्षय नहीं होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम का अवतार लिया था। इसी दिन से बद्रीनाथ के कपाट भी खुलते हैं और इसी दिन वृंदावन में भगवान बांके बिहारी के चरणों के दर्शन होते हैं।

## मौसम हुआ नरम, दर्जनों अभिभावकों ने जूनियर कक्षा संचालन की अपील की

Open SCHOOL

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** वर्षा और ओलावृष्टि से तापमान में नमी आई है. इसे देखते हुए दर्जनों अभिभावकों ने सरकार से जूनियर कक्षाओं को संचालन करने के आदेश निर्गत करने की मांग की है. अभिभावकों का कहना है कि मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिन लू के आसार नहीं रहने वाले है. तापमान में भी नमी रहने के आसार हैं. ऐसे में बच्चो के भविष्य को देखते हुए केजी से स्टैंडर्ड आठ के निलंबित कक्षाओं को चालू रखने का आदेश दिया जाना चाहिए. बच्चे घर में रहकर व्यर्थ का समय बर्बाद कर रहे है. कुछ ही दिनों के बाद ग्रीष्मावकास हों जायेगा. जिससे एक लंबी अवधि तक बच्चों का पढ़ाई बाधित हो जाएगा. जिससे जूनियर बच्चों का शिक्षा में रुचियां कम जायेगी. इस संबंध में आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि सरकारी आदेश का पालन करने के लिए वे सभी मजबूर है. उनके पास प्रतिदिन दर्जनों अभिभावक के कॉल आ रहे है. इतना ही नहीं अभिभावकों के समर्थन में निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव सहित कई विद्यालय प्रधान है, जो मौसम के आधार पर विद्यालय संचालित करने के पक्ष में है. परंतु सरकारी आदेश के आगे लाचार हैं.

## न्यूज बॉक्स

### आध्यात्मिक विकास के लिए है धर्म क्षेत्र का विकास राजनीति से ही संभव



**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कुरडेग प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कई लोगों ने झारखंड पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। सभी लोगों का प्रखंड इकाई और एनोस एक्का ने पार्टी में स्वागत किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भाजपा और कांग्रेस जनता से दूर हो जाती है, और यही कारण है कि चुनाव के समय दोनों ही पार्टी धर्म के नाम पर वोट मांगती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक विकास के लिए धर्म को अपनाना चाहिए और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति को अपनाना चाहिए। उन्होंने इस बार जाति धर्म के बंधन से ऊपर उठकर मानव सेवा और मानव कल्याण के लिए झारखंड पार्टी को समर्थन देने की बात कही।

### लू लगने से भाजपा बूथ अध्यक्ष का निधन



**बानो।** जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसको लेकर जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है और एल के गर्म हवाओं की वजह से लोग अपने घरों से निकलने के लिए बच रहे हैं इधर बुधवार को बानो के बूथ संख्या 210 भाजपा के अध्यक्ष गौरी शंकर नायक का बुधवार तड़के निधन सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के दौरान निधन हो गया।घटना की जानकारी होने पर तोरपा विधायक कोचे मुंडा स्व गौरीशंकर के घर जाकर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार इनके द्वारा अपने भूत को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहे थे इनका योगदान व्यर्थ नहीं जाएगा ।विधायक ने परिजनों से मुलाकात क दुख की घड़ी में साथ होने की बात कहा। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ,विश्वनाथ बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

### घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं झापा के नेता



**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के नेता इस बार शोर गुल से दूर कुछ अलग अंदाज में प्रचार अभियान चला रहे हैं। झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत करा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में भी कार्यकारी अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष विष्णु दयाल शर्मा, नगर प्रभारी राजकुमार ठाकुर के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता सभी वार्डों में जाकर पार्टी के प्रत्याशी अपर्णा हंस के समर्थन में वोट देने की अपील कर रहे हैं। झापा नेता ने कहा कि धर्म और जाति के नाम पर वोट मांगने वाले कभी भी विकास नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने अपने कार्यकाल में कार्य करके दिखाया है और एक बार फिर क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी ही कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता भी कांग्रेस और भाजपा दोनों से ऊब चुकी है और झारखंड पार्टी को अपना विकल्प मान चुकी है।

### आंधी से गिरा पेड़, मकान क्षतिग्रस्त



**कुरडेग।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम में अचानक आई आंधी तूफान के कारण बड़कीबिउरा गांव में एक विशाल आम का पेड़ तना सहित टूटकर सीता राम घांसी के कच्चा घर के उपर गिर गया ।जिसके कारण घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर के लोग बाल बाल बचे। बताया गया कि पेड़ काफी पुराना था और घर के नजदीक में था।जिस समय पेड़ गिरा घर के अन्दर 4 लोग थे। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आपदा राहत कोष से सहयोग देने की मांग की है।

### भाकपा प्रत्याशी बेरोजगारी व विस्थापन के खिलाफ करते रहे हैं संघर्ष : भुवनेश्वर

**हजारीबाग।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत अमृतनगर, मेरू, सिलवार,अमनारी,डंडई, ओरिया, बैहरी ,सखिया, लालपुर चौक, सरौनी, हुटपा सहित कई गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सह विस्थापित आंदोलनकारी अनिरुद्ध कुमार डोर टू डोर घूम कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। वहीं कटकमसांड के लुपुंग पंचायत में हजारीबाग अंचल के सभी भाकपा कार्यकताओं एवं नेताओं की अहम बैठक कुंजल साव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लगकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीतने का संकल्प लिया। इस बैठक के मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हमारे पार्टी उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा, सहित कई इलाकों में विस्थापन एवं बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन किया। बड़कागांव गोंदलपुरा में आज भी 12 अप्रैल से धरना चल रहा है। जिसकी अगुवाई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अनिरुद्ध कुमार ने किया।

## एक नजर

### युवक को लाठी-डंडे से पीटकर किया लहूलुहान

**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के तेतुलतल्ला ग्राउंड के पास बुधवार की सुबह करीब एक दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने गांधी रोड निवासी युवक अजय रजक को लाठी-डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया. स्थानीय लोगों ने अजय को बेहोशी की हालत में जोड़ाफाटक रोड स्थित नर्सिंग होम पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने उसे एसएनएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया. मारपीट व हो-हल्ला से वहां सब्जी खरीद रहे लोगों में भगदड़ मच गई. दुकानदारों ने इसकी सूचना बैंक मोड़ थाना पुलिस को दी. वारदात की वजह पुरानी रंजिश बतायी जा रही है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**धनबाद।** धनसार थाने की पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ अनुग्रह नगर व बेरा में अभियान चलाया. इस दौरान बेरा से दीपक चौहान के घर छापेमारी कर नौ बोतल बियर और अनुग्रह नगर के रंजीत कुमार वर्णवाल की दुकान में छापेमारी कर बियर की 12 बोतले जब्त की. दीपक के घर से उसकी बाइक भी बरामद की है. पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पकड़े गए रंजीत को जेल भेज दिया गया।

### गावां के व्यक्ति की पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह।** झारखंड और बिहार के सीमा पर बुधवार की शाम एक व्यक्ति की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक गांवा थाना क्षेत्र के डुमरझारा गांव निवासी सोमर का पुत्र मुकेश साव बताया जा रहा है। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार मुकेश की हत्या लाठी व डंडे से पीटने के कारण हुई है,जिसके बाद उसके शव को जलाने का भी प्रयास किया गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने शव को पड़ा देख लोकाय पुलिस को सुपुर्द किया है।

# गांडेय उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने किया क्षेत्र भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह। गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं मौके पर गांडेय मंडल के गांडेय बाजार में विधानसभा प्रधान कार्यालय में एक सामूहिक बैठक रखी गई जिसमें हमारे सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

वही कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवध तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।साथ ही साथ कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, वही पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात भी किया।और ग्राम रघुसिंघा, पंचायत अलगुंदा, ग्राम घोषासिंघा, पंचायत अलगुंदा, ग्राम बंशीडीह पंचायत लेदा, ग्राम गादी पंचायत लेदा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

## मुगमा की लखीमाता कोलियरी में विस्फोट से तीन मजदूर घायल

**धनबाद।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की लखीमाता कोलयरी में बुधवार की सुबह खदान के अंदर बारूद का विस्फोट होने से वहां कार्यरत 3 ये अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये. प्रबंधन ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया. हालांकि, प्रबंधन ने ऐसी किसी घटना इनकार किया है. घटना लखीमाता कोलियरी की अंडरग्राउंड खदान में घटी. कोलियरी में तैनात कुछ कर्मियों ने बताया कि बीते मंगलवार की रात कोयला निकालने के लिए खदान में 45 बारूद का विस्फोट किया जाना था. माइनिंग अधिकारी बारूद लेकर खदान में घुसे और विस्फोट किया. साथ ही इसकी सूचना ईसीएल कार्यालय को भी दी. बुधवार की सुबह तीन मजदूर ड्रिल करने खदान के उक्त स्थान पर पहुंचे. जैसे ही उनलोगों ने ड्रिल मशीन लगाकर जमीन में ड्रिलिंग शुरू की, तभी जोरदार विस्फोट हुआ और तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये।

## न्यूज बॉक्स

### बेंगाबाद प्रखंड के घाघरा में विनोद सिंह के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में बेंगाबाद प्रखंड के घाघरा में जन संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान माले नेता ने कहा कि, कोडरमा की जनता ने बार-बार भाजपा को जिताकर उपेक्षा को झेला है। अब जनता भाजपा की साजिश में फंसने वाली नहीं है। जनता काम करने वाले नेता को वोट देगी। कहा कि, भाजपा जनता की नहीं कंपनियों की पार्टी है। कंपनियों की दलाली करना ही इसका काम है। भाजपा सरकार ने कंपनियों से चंदा लेकर जनता को लूटने की छूट कंपनियों को दी। श्री यादव ने लोगों से कोडरमा तथा गांडेय से इंडिया प्रत्याशी विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को वोट देने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव, मुरारी यादव, कमरूल अंसारी, नारायण यादव, कौशल यादव, रफीक अंसारी, इस्लाम अंसारी, सद्दाम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### गीता कोड़ा को सत्ता का अहंकार : सन्नी सिंकु



**चाईबासा।** आदिवासियों को अपने जल, जंगल, जमीन की कानूनी अधिकार का गारंटी चाहिए और सरना धर्मावलंबी को जनगणना प्रपत्र में सरना धर्म की कोड और कॉलम चाहिए तो केंद्र में इंडिया महागठबंधन की सरकार और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है. यह बातें बुधवार को रैयत संघर्ष समन्वय समिति के तत्वाधान में जगन्नाथपुर प्रखंड बदानंदा गांव के लोवापी टोला में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सन्नी सिंकु ने कही. सन्नी सिंकु ने कहा कि रैयत संघर्ष समन्वय समिति,जगन्नाथपुर अनुमंडल का गठन ही अपनी खूंटकट्टी बहुफसली सिंचित कृषि भूमि की रखा करने के लिए की गई थी. जिस संगठन के द्वारा जगन्नाथपुर बायपास सड़क निर्माण करने के नाम पर रैयतों की भूमि को अधिग्रहण करने के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ निरंतर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी है और जगन्नाथपुर बायपास सड़क निर्माण करने की मांग सांसद रहते गीता कोड़ा ने ही की थी।

### जोबा मांझी के पक्ष में पुरेंद्र ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**आदित्यपुर।** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में रोड नंबर 4 चौक से अंबेडकर चौक होते हुए एनआईटी गेट तक दुकानदार भाइयों से मिलकर महागठबंधन से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी को तीर धनुष छाप पर वोट देने की अपील की. पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने छात्र नौजवानों को प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा कर पूरा नहीं कर पाई है।

# सर्च के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली बंकर किए ध्वस्त

### बड़ी संख्या में डेटोनेटर बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम ( चाईबासा) में भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में जिले के गोईलकेरा और टोंटों थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल के पास से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी डेटोनेटर को विनिष्ट कर दिया गया है। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम रेरदाकोचा, दिरिबुरी तथा राजाबासा के समीप जंगली क्षेत्र से तीन नक्सल बंकर नष्ट किया गया है साथ ही अभियान के दौरान 340 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर , 10 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन वॉकी-टॉकी सेट, एक पिस्टन रॉड एसएलआर) के साथ रिकॉइल स्प्रिंग,एक गोला-बारूद पाउच (कोबरा पैटर्न), चार नक्सलियों की नोटबुक, एक पीएलजीए कपनी ट्रिल बुक, एक मार्कस लेनिन- मॉइजम बुक, 15 युद्ध कला युद्ध क्राफ्ट बुक, एक कानू चटर्जी की जीवनी, एक किंडल बुक रीडर, एक कलाई घड़ी, एक लेंस क्लीनर, तीन स्विच, एक वायर कटर, एक एफएम रेडियो, एक कैरी बैग और पॉलीथीन शीट, एक झारखंड वॉयस बुक, दो पेंसिल सेल, एक स्मॉल बैग, पांच एलईडी लाइट्स बरामद किया गया है।

## पीएम के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण



**बिरनी।** आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बुधवार को उपयुक्त नमन प्रयास लकड़ा और गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया वह सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां को लेकर निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । इस दौरान डीसीओएसपी ने अनुमंडल पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी वह थाना प्रभारी के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया । एसडीएम विपिन कुमार,एसडीपीओ धनंजय राम, इंस्पेक्टर सरिया ज्ञान रंजन,सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिन्हा, सीओ सारांश जैन,बीडीओ सुनील कुमार वर्मा,भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज स्कूटी राजौ कुमार, मौजूद थे।

# गांधी मैदान के समीप भाजपा तिसरी मंडल के कार्यालय का हुआ उद्घाटन





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी मुख्यालय स्थित गाँधी मैदान के समीप बुधवार को भाजपा तिसरी मंडल कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके सिंघो, ककनी और देवानजोत में भाजपा कमिटी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन कर जनता से भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की गई। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता मनोज यादव ने मोदी सरकार द्वारा दिए गए मुफ्त शौचालय, मुफ्त राशन, नल जल योजना आदि कार्यों का जमकर बखान किया।

साथ ही उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। श्री यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन सनातन विरोधी व भ्रष्टाचारियों और लुटेरों का जमावड़ा है। कहा कि केवल मोदी को हराने के लिए सभी लुटेरों ने एक साथ जुट कर गठबंधन बनाई है। एडीए सरकार में सभी भ्रष्टाचारी जेल के भीतर हैं। कहा कि भाजपा जाति की नहीं जमात, हिंदुत्व व सनातन की बात करती है जिसके कारण ही सनातन विरोधी लोग नरेंद्र मोदी को हटाना चाह रहें हैं। मौके पर भाजपा नेता महावीर प्रसाद यादव ,हरीश प्रसाद साह, रामचंद्र यादव,महामंत्री अनिल शर्मा, महामंत्री उपेन्द्र साव, सुनील शर्मा, नरेश यादव, संदीप शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## नाबालिगों से कराया जा रहा था नल जल योजना का कार्य

### पूछने पर मीडिया से ही उलझ गया मुंशी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड में संचालित हर घर नल जल योजना में वैसे तो आए दिन भारी गड़बड़ियाँ उजागर होती रहती हैं। इसमें अनियमितता से जुड़े कई मामले सामने आते रहते हैं। बुधवार को भी प्रखंड के गड़कुरा पंचायत अंतर्गत भुराई मुख्य सड़क के किनारे नल जल योजना के तहत जलमीनार का डीपीसी ढलाई का कार्य करवाया जा रहा था। इस दौरान मजदूर के रूप में नाबालिग बच्चियों से कार्य करवाया जा रहा था। इस बाबत पूछने पर संवेदक के मुंशी से मीडियाकर्मियों की तीखी बहस भी हुई। मुंशी ने कहा कि उनका कार्य हर हाल में जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा करवाना है। चाहे इसके लिए जो भी करना हो। हालांकि बाद में मुंशी द्वारा माँ के बदले उक्त बच्ची के कार्य करने की दुहाई दी गई। बहरहाल बात चाहे जो भी हो योजना की पूर्ति के लिए संवेदकों द्वारा बरती जा रही भारी लापरवाही पर विभाग को कड़ा रुख अख्तियार करना चाहिए। वहीं इस मामले में पिएचईडी विभाग के जेई को भी फोन पर मामले की सुचना दी गई।

### आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश के समर्थन में संगठन सचिव ने किया जनसंपर्क

**धनबाद।** गिरिडीह लोकसभा सीट से आजसू (एनडीए) प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर चल रहा है. तोपचांची प्रखंड आजसू के पंचायत प्रभारी, सह प्रभारी व बूथ कमेटी के सदस्य प्रखंड में प्रचार अभियान की कमान संभाले हुए हैं. आजसू पार्टी के धनबाद जिला संगठन सचिव सदानंद महतो गांवों में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. बुधवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी इस बार भी बडे अंतर से जीतेंगे. जतना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से संतुष्ट है. मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है. सदानंद महतो ने मानटांड़ चौक स्थित स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण प्रचार अभियान का शुभरंभ किया. उन्होंने कार्यकताओं के साथ खेसमी, चेता, गुनघुसा, खरियो, रामाकुंदा, लक्ष्मीपुर, हरिहरपुर, सिंहडीह आदि गावों में जनसंपर्क कर लोगों से चंद्रप्रकाश चौधरी को विजयी बनाने की अपील. मौके पर उनके साथ आजसू पार्टी के अमर धीवर, अमर भारती, रमेश जायसवाल, दुर्गा गोप आदि मौजूद थे।

### प्रेक्षकों ने ईवीएम डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर का किया निरीक्षण

**बोकारो।** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू व धनबाद संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बुधवार को ईवीएम डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर का निरीक्षण किया. उनके साथ जिला निवार्ची पदाधिकारी सह बोकारो की डीसी विजया जाधव भी थीं. सामान्य प्रेक्षक के साथ अधिकारियों की टीम बोकारो के सेक्टर 8 स्थित बीएसएल सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में बनाए गए डिस्पैच सेंटर गई. प्रेक्षकों ने डीसी से ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी के बारे में जानकारी ली. डीसी ने उन्हें विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के बारे में बताया. इससे पूर्व अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम, वीवीपैट प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए बनाए गए पंडालों को भी देखा. विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया।

# लोस प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी व दिनेश यादव के क्षेत्र भ्रमण से दिख रहा ग्रामीणों में उत्साह




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव का क्षेत्र भ्रमण मे एनडीए के कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी का दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह।कोडरमा लोकसभा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नापूर्णा देवी व एनडीए के प्रत्याशी सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव के साथ हैं मौके पर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करहरवारी में पथसभा को संबोधित किया।

जिसमें मुख्य रूप से भाजपा झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा प्रभारी विकाश प्रीतम सिंहा विशेष आमंत्रित सदस्य दिनेश यादव, भाजपा नेता कामेश्वर पासवान, ज़िला मंत्री नवीन सिन्हा, महिला मोर्चा महामंत्री उषा कुमारी, भाजपा नेता सुरेश मंडल , भाजयूमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।साथ ही एक सामूहिक बैठक रखी गई जिसमें हमारे सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।।वही कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।


## अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, सिमडेगा।

### "आम–सूचना"

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिमडेगा जिले में अवैध शराब के निर्माण / बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत WhatsApp मोबाईल नम्बर 7250973951, 9931003217 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

अधीक्षक उत्पाद
सिमडेगा।

PR 324577 Simdega(24-25)D



## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी
(निर्वाचन शाखा)

### अधिग्रहण आदेश

लोकसभा आम चुनाव– 2024 के निमित विद्यालयों, पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों सामुदायिक भवनों एवं अन्य भवनों को मतदान केन्द्र के रूप में अधिग्रहण किया जाना है। उक्त परिप्रेक्ष्य में मैं लोकेश मिश्रा भा0प्र0से0 जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 का प्रयोग करते हुए 58 तमाड़ (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 91 से 166, 59 तोरपा(अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 01 से 163 एवं 60 खूँटी (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्र संख्या 01 से 297 तक के विद्यालयों / पंचायत भवनों / सामुदायिक भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को मतदान दिवस के एक दिन पूर्व से एवं मतदान दिवस के एक दिन पश्चात तक सम्पूर्ण भवन को उपस्कर सहित अधिग्रहण करता हूँ।

एतद द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि संबंधित सभी मतदान केन्द्र के पदाधिकारी (बी0एल0ओ0) को मतदान दिवस के एक दिन पूर्व चाभी सौंपना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 324573 Election (24-25)_D

**जीवन में हजारों लड़ाईयां जीतने से अच्छा है कि स्वयं पर विजय प्राप्त की जाय : गौतम बुद्ध**



## जंगल की आग का मामला सुप्रीम कोर्ट में

***झारखंड*** के जंगलों में अक्सर महुआ चुनने के लिए आग लगा दी जाती है और सूखे पत्तों के साथ अनेक दुर्लभ जड़ी बूटियां और पौधे झुलस कर मर जाते हैं । अभीउत्तराखंड की घटना चर्चित है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर जंगल की आग से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार है, जिसमें पिछले नवंबर से अब तक 910 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिससे लगभग 1145 हेक्टेयर जंगल को नुकसान हुआ है। यह मामला जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष लाया गया। इस मामले में शामिल होने की मांग कर रहे एक वकील ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 44 प्रतिशत जंगल जल रहे हैं, चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इनमें से 90 प्रतिशत आग मानव गतिविधि के कारण है। वकील ने कहा मैं आपके आधिपत्य को कुछ ऐसा बता रहा हूं जो चौंकाने वाला है। यह सारा कार्बन हर जगह उड़ रहा है। सबसे बड़ा झटका यह है कि इसका 90 प्रतिशत हिस्सा मानव निर्मित है। आज की रिपोर्ट भी बिल्कुल दुखद है। पीठ ने पूछा कुमाऊं का 44 प्रतिशत (जंगल) जल रहा है। आपने कहा कि 44 प्रतिशत आग की चपेट में है? वकील ने क्षेत्र के प्रमुख परिदृश्य की पुष्टि करते हुए घने देवदार के वृक्षों की उपस्थिति की पुष्टि की। उत्तराखंड के प्रतिनिधि ने वर्तमान स्थिति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति का अनुरोध किया। 2019 की सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से गर्मियों के दौरान, जंगल की आग के गंभीर मुद्दे पर ध्यान दिया, इसके लिए देवदार के पेड़ों की बड़ी उपस्थिति को जिम्मेदार ठहराया, जो अधिकांश क्षेत्रों में अपनी उच्च ज्वलनशीलता के लिए जाने जाते हैं। उत्तराखंड में जंगलों, वन्यजीवों और पक्षियों को जंगल की आग से बचाने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि ये आग पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है और पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाती है।झारखंड को भी उत्तराखंड में 11 ज़िले में फैली इस भयानक आग से सीख लेनी चाहिए क्योंकि एक जंगल सदियों में तैयार होता है और कुछ घंटों में उसे राख बनाकर हम सभी अपना ही नुकसान कर रहे होते हैं। जन जागरूकता की औपचारिकता निभाने से नहीं बल्कि जंगलों के आसपास रहने वाले लोगों को जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा में समझाना पड़ेगा साथ ही उन्हें अहसास कराना पड़ेगा कि जंगलों से उनका भी अस्तित्व जुड़ा है और उनके मीठे फल और सूखी लकड़ियां उनके काम आती हैं और उनके पशुधन के लिए हरे चारे का मुख्य स्रोत हैं। किसानों को समझाना चाहिए कि जंगल ना रहें तो वर्षा अनियमित होगी या नहीं होगी। जंगलों में आग कुछ लोग हंसी मजाक में भी लगा देते हैं उन्हें समाज के जिम्मेदार लोग समझा सकते हैं कि यह मजाक कितना महंगा साबित हो सकता है ।कहा जाता है जब सिकंदर ने पहली बार भारत पर आक्रमण किया था तब यहां के घने जंगलों ने महीनों तक उसका रास्ता रोक लिया था और आज उसी राजस्थान का बड़ा इलाका रेगिस्तान के लिए जाना जाता है । जंगलों की दुर्दशा के लिए सिर्फ ग्रामीणों को दोष नहीं दे सकते क्योंकि जंगल माफिया और वन अधिकारियों का गठजोड़ इसके लिए अधिक जिम्मेदार है और झारखंड के गांवों में घुस रहे हाथी एक बड़ी चेतावनी दे रहे हैं जिसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

> **उत्तराखंड के प्रतिनिधि ने वर्तमान स्थिति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति का अनुरोध किया। 2019 की सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से गर्मियों के दौरान, जंगल की आग के गंभीर मुद्दे पर ध्यान दिया, इसके लिए देवदार के पेड़ों की बड़ी उपस्थिति को जिम्मेदार ठहराया, जो अधिकांश क्षेत्रों में अपनी उच्च ज्वलनशीलता के लिए जाने जाते हैं।**

अर्थव्यवस्था

# स्वरोजगार से बदलेगा जीवन



डॉ. सौरभ मालवीय



***बेरोजगारी*** अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अकसर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता ही है, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं। बरोजगारी के कारणः देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योंगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे। किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन- प्रतिदिन बढ़ने लगी। युवाओं को प्रशिक्षणः निःसंदेह जीवनयापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है। किन्तु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की। उन्होंने 25 सितंबर 2014 को इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। यह आजीविका प्रदान करने तथा निर्धनता कम करने का एक अभियान है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक भाग है। इससे ऐसे गरीब ग्रामीण युवा लाभान्वित हो रहे हैं, जो कुशल होना चाहते हैं। इसकी संरचना प्रधानमंत्री के अभियान 'मेक इन इंडिया' के लिए एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में की गई है। रोजगार के अवसरः भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024' में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है। भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वे स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वरोजगार की महत्ताः स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। नौकरी में सीमित आय होती है, जबकि व्यवसाय के माध्यम से व्यक्ति अपार संपत्ति अर्जित कर सकता है। देश के अनेक लोग व्यवसाय के माध्यम से ही निर्धनता से निकलकर धनवान बने हैं। वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है। वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसिलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों आदि सम्मिलित है। यह नियुक्ति के बाद कार्यरत व्यक्ति को स्थिरता के लिए सहायक भी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना युवाओं को प्रशिक्षण देगी, जिससे उनके करियर में प्रगति होगी। युवाओं का विकास होगा। बेरोजगारी के कारण होने वाले पलायन में कमी आएगी। यह राज्यों को कौशल्य परियोजनाओं का पूर्ण स्वामित्व लेने के लिए सक्षम बनाती है। इस योजना के कई विशेष घटक हैं। इसके अंतर्गत सामाजिक रूप से वंचित समूह के अनिवार्य कवरेज द्वारा उम्मीदवारों का पूर्ण सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जाता है। धन का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए और तीन प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित करने का प्रावधान है। उम्मीदवारों में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होनी चाहिए। इस योजना के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय कार्यान्वयन प्रतिरूप है। नीति निर्माण, तकनीकी सहायता और सरलीकरण एजेंसी के रूप में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राष्ट्रीय यूनिट ग्रामीण विकास मंत्रालय में कार्य करती है। यह योजना के राज्य मिशन कार्यान्वयन को समर्थन प्रदान करती है और परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसियां कौशल्य और नियोजन परियोजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को लागू करती है। यह योजना बाजार की मांग के समाधान के लिए नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25, 696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए। ऐसे में कुशल युवकों के लिए रोजगार के द्वार खुल जाएंगे। इस योजना का प्रचार-प्रसार भी होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि विकसित भारत के निर्माण के जिस संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं, युवा उसके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हमारा दृष्टिकोण ऐसा विकसित भारत बनाना है जहां प्रत्येक युवा अपने श्रम एवं कौशल क्षमता का पूरा उपयोग कर सके। हम युवाओं को सीखते हुए कमाने के अवसर देने के लिए एनईपी के अंतर्गत एकीकृत शिक्षा प्रणाली विकसित करेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### समस्याओं के हल के लिए नागरिकों का सहयोग आवश्यक

एक-दो महीने के बाद बरसात का मौसम आने वाला है। अभी तो लोग पानी के लिए हाहाकार मचा रहे हैं। वहीं कुछ दिनों के बाद बरसात में जल जमाव और नाली-गली में पानी घुस जाने की चर्चा करते हुए सरकार और प्रशासन को कोसेंगे। शहर के मुख्य मार्गो को देखेंगे तो पायेंगे कि नालियों का ढककर दुकान और मकान बन गए हैं। नालियां सिकुड़ गई है। कहीं -कहीं तो नालियां दिखाई ही नहीं देती है। सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी और मोरम जमा कर दिया गया है। इसका कारण यह होता है कि बरसात का पानी नाली में न जाकर सड़क पर बहने लगता है। इसके कारण सड़के जल्दी खराब हो रही हैं। साथ वाहनों के आने- जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे सब्जी बाजारों और सड़कों पर दुकानदार अपने ऊपर प्लास्टिक या कार्टुन की छत लगा देते हैं। बरसात में जब उससे पानी गिरता है तो आने-जाने वालों के ऊपर गिरने लगता है। इसके कारण कई बार इससे झगड़ा-झंझट की नौबत आ जाती है। वहीं कई मकानों मे छत से बरसात का पानी निकालने के लिए वहां से पाईप सड़क पर ही निकाल दिया गया है। उसका पानी भी बरसात में सड़क ों पर ही गिरने लगता है। इससे राहगीर तो परेशान रहते ही हैं। साथ ही सड़क पर गड्ढे भी बन जाते हैं। कईयों ने सड़कों का अतिक्रमण कर वहां पर अपने लिए गैराज और पशुओं के लिए घर बना लिया है। ज्यादा कहने पर लड़ने-झगड़ने को उतारू हो जाते हैं। यह कई वर्षो से चला आ रहा है। मौसम के अनुसार समस्याएं सामने आती है। मौसम के चले जाने के बाद उस समस्या को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। समय रहते इन समस्याओं का निराकरण आवश्यक है। नहीं तो यह समस्या बाद में विकराल रूप धारण कर लेती हैं। गर्मी आने से पूर्व पेयजल की समस्या का निदान कर लिया जाना चाहिए। साथ ही बरसात आने के पूर्व पानी निकासी और जल जमाव की समस्या का हल ढूंढ लेना चाहिए। नली गली की समस्या हर गांव और क्षेत्र में देखी जा सकती है। इन समस्याओं के निराकरण की आवश्यकता है साथ ही इन समस्याओं का निराकरण भी नागरिकों के सहयोग के बिना नहीं किया जा सकता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए नागरिकों में नागरिक चेतना की आवश्यकता है, जो इन समस्याओं को हल ढूंढ सकें।

**- अनिल कुमार, मेदिनीनगर।**

महाराणा प्रताप जयंती पर विशेष

## राजपूत आन-बान-शान के ध्वजावाहक



रमेश सर्राफ धमोरा

***भारतीय*** इतिहास में राजपूताना का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रणबांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे-बड़े अनेक राज्य रहे हैं, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। इसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने भाइयों में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की नीति हिन्दू राजाओं की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारों ओर से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे, लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया। गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रों ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह ने अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चूंडावत राजपूतों ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया।

> **महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

## कोलकाता का कालीघाट मंदिर

***कोलकाता*** में कई प्राचीन मंदिर स्थित हैं। यहां के मंदिरों में भक्तों की असीम आस्था है। देश ही नहीं विदेश से भी लोग इन मंदिरों में दर्शनार्थ के लिए आते हैं। कोलकाता का ऐसा ही एक प्रसिद्ध मंदिर है काली मंदिर, इसे कालीघाट के नाम से भी जाना जाता है। 51 शक्तिपीठों में से एक कालीघाट मंदिर को भारत का सबसे सिद्ध काली मंदिर कहा जाता है। इस शक्तिपीठ में स्थित प्रतिमा की प्रतिष्ठा कामदेव ब्रह्मचारी ने की थी। इस मंदिर की भक्तों के बीच काफी महत्वता है। हर साल बड़ी संख्या में देवी के भक्त मंदिर में दर्शनों के लिए आते हैं।




**51 शक्तिपीठों में से एक है कालीघाट मंदिर**

पौराणिक कथाओं के अनुसार कोलकाता के कालीघाट मंदिर में माता सती के दाहिने पैर का अंगूठा गिरा था तब से ही इसे शक्तिपीठ कहा जाने लगा। गौरतलब है कि शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माता सती की मृत देह के अंग गिरे थे। ये पवित्र स्थान भारत ही नहीं बांग्लादेश व नेपाल में भी स्थित हैं। कोलकाता में कालीघाट मंदिर का निर्माण सन 1809 में हुआ था। इस मंदिर को शहर के सबर्ण रॉय चौधरी नाम के धनी व्यापारी के सहयोग से पूरा किया गया था।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## पीर पराई चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता?




ललित गर्ग

***लोकसभा*** चुनाव का तीसरा चरण पुरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से। देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खचीर्ली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पदार्फाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धान्तों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल। महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनावरूपी महायज्ञ आज 'महाभारत' बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिन्ता और चिन्तन का विषय है। विशेषतः चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

टेक वर्ल्ड

## व्हाट्सएप्प के नए फीचर का टेस्टिंग जारी




***आप*** मीडिया पर प्रतिक्रिया देने के लिए बार के दाईं ओर इमोजी बटन भी दबा सकते हैं। यदि आपकी पसंदीदा प्रतिक्रिया दिखाई नहीं दे रही है, तो अपनी पसंद का इमोजी चुनने के लिए बस '+' बटन पर टैप करें।

यह वर्तमान अमल से बेहतर है जहां आपको किसी भी मीडिया पर प्रतिक्रिया या उत्तर देने के लिए या तो लंबे समय तक प्रेस करना होगा या दाएं स्वाइप करना होगा। और जब आप नवीनतम व्हाट्सएप्प बीटा को साइडलोड कर सकते हैं, तो WABetInfo का सुझाव है कि कार्यक्षमता वर्तमान में मुट्ठी भर उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, जिसका अर्थ है कि इसमें सर्वर-साइड तत्व शामिल हो सकता है।

**व्हाट्सएप्प कई फीचर्स एड कर चुका**

पिछले कुछ हफ्तों में, व्हाट्सएप्प डेवलपर्स ने ऐप में कई नए फीचर्स जोड़े हैं। इसमें प्रति चैट 3 संदेशों को पिन करने की क्षमता, आइफोन के लिए पासकी समर्थन और कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को खोजने के लिए चैट फिल्टर शामिल हैं।

**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## केरल में जंगली हाथी के हमले में कैमरामैन की मौत



**पलक्कड़।** पलक्कड़ में मातृभूमि टीवी का कैमरामैन एक नदी पार कर रहे जंगली हाथियों के झुंड का वीडियो बना रहा था। इस दौरान अचानक एक हाथी ने उस पर हमला कर दिया। वीडियो पत्रकार को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। मातृभूमि टीवी न्यूज चैनल में कार्यरत एवी मुकेश बुधवार को पलक्कड़ के कोट्टेकड़ के वन क्षेत्र में हाथियों के एक झुंड की शूटिंग करने पहुंचे थे। रिपोर्ट के अनुसार, हाथियों की शूटिंग के दौरान एवी मुकेश लड़खड़ा कर गिर गये। यह देखकर हाथी भड़क गया और उस पर हमला कर दिया। हालांकि, बाद में पत्रकार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# कांग्रेस-बीआरएस भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का पर्याय: प्रधानमंत्री

## तुष्टीकरण की सबसे अधिक कीमत एससी, एसटी और ओबीसी को चुकानी पड़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल देश ने सफलतापूर्वक तीसरे चरण का चुनाव पूरा किया। इस महत्वपूर्ण चरण में, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा, क्योंकि तीसरा फ्यूज उड़ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन की पहचान है। एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बावजूद वे एक ही सिंडिकेट का हिस्सा हैं। याद कीजिए जब बीआरएस ने कांग्रेस पर 'वोट के लिए नकद' का आरोप लगाया था? जब बीआरएस सत्ता में थी तो क्या कोई जांच हुई? इसी तरह कांग्रेस ने बीआरएस पर कालेश्वरम घोटाले का आरोप लगाया। इतने लंबे समय तक तेलंगाना की सत्ता में रहने के बावजूद क्या कांग्रेस ने इसकी कोई जांच कराई है? यह स्पष्ट है: दोनों एक ही भ्रष्टाचार सिंडिकेट में शामिल हैं।




कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियों की सबसे अधिक कीमत एससी, एसटी और बीसी समुदायों को भुगतनी पड़ती है। उनका लक्ष्य उनके आरक्षण अधिकार को छीनना है। डॉ. अम्बेडकर ने हमें आरक्षण का अधिकार दिया और हमारा संविधान धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध करता है। हालांकि, कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कल ही, इंडी गठबंधन के एक प्रमुख व्यक्ति ने खुले तौर पर मुसलमानों के लिए पूर्ण आरक्षण की वकालत की, जिसका उद्देश्य एससी, एसटी और बीसी समुदायों से वर्तमान आरक्षण लाभ छीनकर मुसलमानों को देना था। यही कारण है कि वे मडिगा समुदाय को भी अधिकार देने का विरोध करते हैं।

### पीएम मोदी ने ये भी कहा

- भाजपा और विपक्षी दलों के बीच तुलना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने हमेशा सबसे ऊपर राष्ट्र प्रथम को प्राथमिकता दी है। हालांकि, तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस दोनों पहले अपने-अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं। कांग्रेस और बीआरएस के बीच अंतर करना बहुत कठिन है।
- मोदी ने कांग्रेस से सवाल किया कि पांच साल पहले वे अंबानी और अडानी के प्रति आसक्त थे। हालांकि, रातों-रात उनका नजरिया बदल गया है और अब वे उनके बारे में चुप रहते हैं। यह पाखंड कहां तक जाएगा? उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन मिला है?
- कांग्रेस पार्टी के इरादे कुछ और हैं। इनके एक पूर्व सलाहकार ने खुलासा किया कि शहजादे अदालत के फैसले को चुनौती देकर राम मंदिर के निर्माण रोकने की योजना बना रहे थे। ये भी कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो कोर्ट के फैसले को पलट देगी और राम मंदिर पर ताला लगा देगी।

## केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किए रामलला के दर्शन



**एजेंसी। अयोध्या**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। राज्यपाल खान के दौरे के मद्देनजर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से लेकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। राज्यपाल खान के एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए रवाना हुआ। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। रामलला के दर्शन के बाद राज्यपाल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय से मुलाकात की। चम्पत राय ने उनको श्रीरामचरित मानस भेंट किया। राज्यपाल खान ने पत्रकारों से कहा कि वे जनवरी से अब तक दो बार अयोध्या आ चुके हैं, जो भाव उस समय था वही भाव आज भी है। मैं अयोध्या का पड़ोसी हूं और पहले भी बहुत आता रहा हूं। यह हमारे लिए खुशी नहीं, गर्व की बात है।

### तृणमूल कार्यकर्ताओं की कारस्तानी

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े कलाकार को कोलकाता छोड़ने को किया मजबूर

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक युवा कलाकार को सिर्फ इसलिए कोलकाता छोड़ने को मजबूर कर दिया कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा हुआ है। पीड़ित कलाकार का नाम शीर्ष आचार्य है। देश विभाजन के समय उनके दादा पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से पश्चिम बंगाल आए थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। उसके बाद से उनके परिवार का संपर्क संघ से रहा है। 24 वर्षीय शीर्ष आचार्य कस्बे में किराए का मकान लेकर रहते थे और लोगों को पेंटिंग सिखाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे। विगत दिसंबर-जनवरी में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अक्षत वितरण कार्यक्रम के लिए संघ के कुछ पदाधिकारियों ने आचार्य से बातचीत की थी। इस पर तृणमूल कार्यकर्ताओं की नजर पड़ गई। इसके बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी जा रही थी। पिछले रविवार को वार्ड-115 में रहने वाला एक तृणमूल कार्यकर्ता उनके घर गया और उन्हें काफी धमकी दी। शीर्ष आचार्य ने यह जानकारी स्थानीय काउंसलर सुशीला मंडल के पति तरुण मंडल को दी। उन्होंने शीर्ष से कहा कि वह सोमवार को 11 बजे पार्टी ऑफिस आकर बातचीत कर इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। वहां शीर्ष गए लेकिन तरुण नहीं मिले। कुछ देर इंतजार के बाद जब शीर्ष वहां से जाने लगे तो कुछ लड़के उन्हें पार्टी ऑफिस के अंदर ले गए। उनके साथ मारपीट की, उनका चश्मा तोड़ दिया। उन्हें धमकी दी गई कि इलाका छोड़ दो नहीं तो शाम तक तुम्हें तालाब में डुबा देंगे। शीर्ष ने भाजपा नेता देवजीत सरकार को तुरंत मामले की जानकारी दी। बीस मिनट के अंदर देवजीत पहुंचे और मदद का आश्वासन दिया लेकिन शीर्ष जोखिम नहीं लेना चाहते थे। उन्होंने बैग में कुछ सामान रखा और शाम 05 बजे निकल पड़े। सियालदह से ट्रेन पकड़ी और देर रात मुर्शिदाबाद स्थित अपने घर पहुंचे। स्तंभकार और राजनीतिक विश्लेषक देवयानी भट्टाचार्य ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शीर्ष आचार्य को किराए के घर को छोड़कर भागने के लिए मजबूर किया गया क्योंकि उन्होंने राम मंदिर आदि की तस्वीरें बनाईं?

## एससी ने पश्चिम बंगाल के सीबीआई मामलों पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पश्चिम बंगाल के मामलों में सीबीआई की तरफ से एफआईआर दर्ज होने के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने याचिका का ये कहते हुए विरोध किया है कि ममता सरकार की ये याचिका अनुच्छेद 131 के तहत सुनवाई के लायक नहीं है। इन मामलों में केस सीबीआई ने दर्ज किया है, केंद्र सरकार ने नहीं। सीबीआई अपने आप में स्वतंत्र जांच एजेंसी है। सीबीआई की ओर से केस दर्ज होने के चलते बंगाल सरकार केंद्र के खिलाफ मुकदमा दायर नहीं कर सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एक बार सीबीआई राज्य में प्रवेश करती है तो उसके बाद ईडी जांच शुरू कर देती है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला आज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर आज को फैसला आएगा। आज जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई करेगा। एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट 9 मई को सुनवाई करेगा। जहां तक अंतरिम जमानत आदेश का सवाल है तो हम वह आदेश 9 मई को पारित कर सकते हैं। कोर्ट ने 7 मई को सुनवाई के दौरान कहा था कि यह एक असाधारण स्थिति है, क्योंकि चुनाव चल रहा है और एक मुख्यमंत्री जेल में हैं। हम केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे, क्योंकि यह सामान्य मामला नहीं है।

### केजरीवाल के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक की मांग खारिज, याचिकाकर्ता पर 1 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग और राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों को बयान देने से रोकने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना लगाते हुए इस रकम को एम्स में जमा कराने को कहा है। श्रीकांत प्रसाद नाम के एक वकील ने ये याचिका दायर की थी। कोर्ट ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये किस तरह की मांग है। क्या हम इमरजेंसी या मार्शल लॉ लगा दें। हम कैसे मीडिया संस्थान को रिपोर्टिंग से या किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को केजरीवाल के खिलाफ बयान देने से रोक सकते हैं।

## पाक सेना ने कहा, पांच चीनी नागरिकों के मौत की अफगानिस्तान में रची गई साजिश

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में एक आत्मघाती हमले पांच चीनी नागरिकों की मौत की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी देश की धरती का इस्तेमाल किया गया था। शरीफ ने कहा, यह आत्मघाती बम धमाका सीमा पार (अफगानिस्तान में) से भी जुड़ा है, इस आतंकवादी गतिविधि की योजना अफगानिस्तान में बनाई गई थी। आतंकवादियों और उनके मददगारों को भी अफगानिस्तान से नियंत्रित किया जा रहा था और आत्मघाती हमलावर भी अफगान था। इस साल मार्च में शांगला जिले के बिशम इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी कार से उस वाहन में टक्कर मार दी थी जिसमें पांच अभियंता सवार थे। हमले में चीनी अभियंताओं के साथ पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी। पीड़ित इस्लामाबाद से प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले के मुख्यालय दासू में अपने शिविर की ओर जा रहे थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृषभ:** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन:** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क:** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**सिंह:** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या:** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**तुला:** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर:** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**कुम्भ:** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं, जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है। व्यापार

**मीन:** में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई

## टीके की सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल

**एजेंसी। लंदन**

दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फामूर्ले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है।

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।





### कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे

एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

### भारत में भी उठी चिंताएं

एस्ट्राजेनेका ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों से ही कोरोना वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला किया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट की तरफ से अभी तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत में भी कोविशील्ड को लेकर चिंता उठ रही है और इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है और वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सुनवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं हुई है।

## न्यूज बॉक्स

### अश्लील वीडियो कांड : कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कुमारस्वामी की आलोचना की



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कथित अश्लील वीडियो कांड को लेकर बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी की आलोचना की। डिप्टी सीएम ने चिक्कमगलुरु में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, यदि कुमारस्वामी में थोड़ी भी शर्म बची है, तो उन्हें पहले कथित सेक्स स्कैंडल के पीड़ितों के परिवारों से मिलना चाहिए। उन्हें शांत करना चाहिए और उन्हें साहस देना चाहिए। लोगों का कहना है कि कई पीड़ित जद(एस) नेता हैं। मामले की जांच कर रहे एसआईटी को कुमारस्वामी द्वारा शिवकुमार, सिद्धारमैया और सुरजेवाला इनवेस्टिंग टीम्स बताये जाने पर शिवकुमार ने पूर्व सीएम को ब्लैकमेल का राजा बताया और आरोप लगाया कि वह अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। शिवकुमार ने कुमारस्वामी को विधानसभा सत्र में मामले पर चर्चा करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी खुद को ही अदालत और न्यायाधीश मानते हैं। उन्होंने कहा, क्या वह वकील हैं, यदि हां तो उन्हें अदालत में जाकर अपनी दलीलें रखनी चाहिए। यह खुशी की बात है कि कुमारस्वामी मुझ पर हमला कर रहे हैं। वह पूरे प्रकरण में स्क्रिप्ट राइटर, डायरेक्टर और एक्टर हैं। जब शिवकुमार से पूछा गया कि क्या उन्होंने पेन ड्राइव बंटवाए थे, तो उन्होंने खंडन करते हुए कहा कि यह भाजपा की मदद से किया जा रहा है।

### उम्मीदवार बनीं आईएएस अधिकारी बोलीं केंद्र ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया




**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और वह राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार दोबारा ड्यूटी पर नहीं आएंगी। पंजाब सरकार को जवाब देते हुए सिद्धू ने कहा, मैं नौकरी दोबारा ज्वाइन नहीं करूंगी। वे (पंजाब सरकार) जो चाहें कार्रवाई कर सकते हैं। मैं अब सेवानिवृत्त हो गई हूं और मेरा इस्तीफा केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही अपना नामांकन दाखिल करूंगी और चुनाव लड़ूंगी। इससे पहले, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को सिद्धू द्वारा चुनी गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी को तुरंत ड्यूटी पर लौटने के लिए कहा था और कहा था कि उन्हें सेवानिवृत्त या सेवा से मुक्त नहीं माना जा सकता।

### सिसोदिया की बेल याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए सीबीआई, ईडी को मिले 4 दिन



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने जांच एजेंसी सीबीआई-ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 मई को सिसोदिया की याचिका पर नोटिस जारी कर दोनों एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। बुधवार को एजेंसियों ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। ईडी के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी अभियोजन की शिकायत के साथ जांच में व्यस्त हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह और चाहिए।

### रफा हमले से पहले हमास युद्धविराम के मसौदे पर सहमत नहीं था : अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें कहा गया कि इजरायली सेना के रफा शहर में सैन्य अभियान शुरू करने से कुछ समय पहले हमास ने युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हमास ने युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। हमास ने जवाब दिया और अपनी प्रतिक्रिया में कई सुझाव दिए। यह स्वीकार करने जैसा नहीं है। मैथ्यू मिलर ने बताया कि चर्चा का मसौदा अप्रैल के अंत में किया गया एक प्रस्ताव था। उन्होंने कहा, यह वह प्रस्ताव है जो टेबल पर था। ऐसा लगा कि हमास ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन ऐसा नहीं है। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी के दक्षिण में रफा सीमा पार करने वाले फि लिस्तीनी हिस्से पर रातों रात नियंत्रण कर लिया है।

### ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 90 हुई



**साओ पाउलो।** दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में आए तूफान ने तबाही मचाई हुई है। बुधवार को बीते 24 घंटों में तूफान से पांच और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 पहुंच गई। इसकी जानकारी राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के चलते 132 लोग लापता हो गए और 361 घायल हो गए। पिछले आठ दिनों में 200,000 से ज्यादा निवासियों को अपना घर छोड़ना पड़ा। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 1.4 मिलियन से ज्यादा लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से ज्यादा आबादी की पीने योग्य पानी तक पहुंच बंद हो गई है, जिसके चलते अधिकारियों को आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी है। राज्य भर में 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और 388 को नुकसान पहुंचा है और अन्य 52 स्कूल लोगों को आश्रय दे रहे हैं।

### सिलीगुड़ी में भारत-नेपाल सीमा से दो अमेरिकी महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी के खोरीबाड़ी के पानीटंकी स्थित भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने बीती रात दो अमेरिकी महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। बुधवार को गिरफ्तार तीनों को आगे की कार्रवाई के लिए खोरीबाड़ी थाने की पुलिस को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार अमेरिकी महिलाओं का नाम नेयना काला पौडेल और यूनिस बिस्वा है, जबकि गिरफ्तार एक अन्य युवक का नाम नीमा तमांग है। वह अलीपुरद्वार के कालचीनी का निवासी है। एसएसबी सूत्रों के मुताबिक, नेयना अपनी भतीजी यूनिस के साथ नीमा से शादी करने के लिए अमेरिका से भारत आई थी। नेयना ने 13 अप्रैल को नीमा से शादी की और 21 अप्रैल को हनीमून पर नेपाल चली गई। नेपाल से भारत में दोबारा प्रवेश करने से पहले तीनों को पानीटंकी में भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के लिए मंगलवार रात को रोका। इस दौरान दोनों अमेरिकी महिलाओं के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ। इसके बाद एसएसबी जवानों ने दोनों अमेरिकी महिला और भारतीय युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# विराट को रोकना पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती



**एजेंसी। धर्मशाला**

आईपीएल 2024 में गुरुवार को पंजाब किंग्स अपने घर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करेगी। आरसीबी जीत की पटरी पर लौट आई है और धर्मशाला का मैदान विराट कोहली को खूब पसंद आता है लेकिन पंजाब किंग्स का एक गेंदबाज उनकी समस्या बढ़ाने को खड़ा है। तो चलिए इस मैच से जुड़े अहम आंकड़ों पर नजर डालते हैं:

कोहली को रास आता है धर्मशाला

विराट कोहली धर्मशाला में अपना तीसरा टी20 खेलेंगे और आईपीएल में मात्र दूसरा। धर्मशाला कोहली को बहुत पसंद आता है और यहां पर उन्होंने अपने पेशेवर करियर की नौ में से छह पारियों में अर्धशतक लगाया है, जिसमें पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 104 गेंद में 95 रन की पारी भी शामिल है। हालांकि सामने कगिसो रबाडा होंगे, एक ऐसे गेंदबाज जिन्होंने कोहली को 13 में से चार बार आउट किया है। वहीं पंजाब के अन्य गेंदबाजों के सामने कोहली को कोई समस्या नहीं होती है, जिससे वह शुरूआत में रबाडा पर रूककर बाद में रन बना सकते हैं।

## पंजाब की दिक्कत चयन में निरंतरता

चयन में निरंतरता और खिलाड़ियों के स्मार्ट पूल के चयन से चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स पिछले दो सीजन में सबसे सफल टी20 टीम रही हैं, जहां उनका जीत का प्रतिशत 60 है। चेन्नई ने 26 तो राजस्थान ने 27 खिलाड़ी इस्तेमाल किए। वहीं पंजाब का संयुक्त रूप से सबसे कम 40 जीत का प्रतिशत है और उनहोंने खिलाड़ी भी 24 इस्तेमाल किए। तो इसका मतलब यह है कि पंजाब ने अपने खिलाड़ियों को बहुत अधिक बैक किया है और उनके पास टीम को बेहतर बनाने के लिए अन्य विकल्पों की कमी है?

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में कल खेले जाएंगे चार मैच



**एजेंसी। रांची**

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) का समापन आगामी शुक्रवार (10 मई) को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। इस दिन चार मैच खेले जाएंगे। इस अवसर पर कुणाल, संयुक्त सचिव, खेल विभाग, भारत सरकार, एसपीएस तोमर, सलाहकार, खेल मंत्रालय, मनोज कुमार, सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार, सुशांत गौरव, आईएएस, निदेशक खेल, खेल और युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार, भोला नाथ सिंह, महासचिव, हॉकी इंडिया एवं उपाध्यक्ष, एशियाई हॉकी महासंघ और अध्यक्ष हॉकी झारखंड उपस्थित रहेंगे।

### 10 मई के मैच

07:00 बजे : हॉकी हरियाणा बनाम हॉकी मध्य प्रदेश।
16:00 बजे : हॉकी मिजोरम बनाम हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा।
18:00 बजे : हॉकी बंगाल बनाम मणिपुर हॉकी।
20:30 बजे : हॉकी महाराष्ट्र बनाम हॉकी झारखंड।

# अथापथु के शतक से श्रीलंका महिला टी 20 टीम का विश्व कप क्वालीफायर पर कब्जा



**एजेंसी। अबू धाबी**

चामरी अथापथु की 102 रन की सनसनीखेज पारी ने श्रीलंका को यहां शेख जायद स्टेडियम में स्कॉटलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2024 के फाइनल में मैच विजयी स्कोर बनाने में मदद की। कप्तान ने 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 गेंदों में 102 रन बनाए, जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 2 ओवर में 169/5 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड 20 ओवर में 101/7 रन ही बना सका। क्वालीफायर के फाइनलिस्ट होने के नाते, श्रीलंका और स्कॉटलैंड दोनों बांग्लादेश में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे। जीत के साथ, श्रीलंका अब महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान के साथ शामिल हो जाएगा। इस बीच, स्कॉटलैंड मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गया। स्कॉटलैंड की कप्तान सारा ब्राइस के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने समर्थन दिया, तेज गेंदबाज प्रियानाज चटर्जी ने तीसरे ओवर में विशमी गुणरत्ने (9) का महत्वपूर्ण विकेट झटका। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑफ स्पिनर कैथरीन फ्रेजर ने पहले पावरप्ले की समाप्ति से पहले हर्षिता समराविक्रमा (8) को फंसाया और स्कॉटलैंड को एक और सफलता दिलाई। इसके बाद लेग स्पिनर अब्ताहा मकसूद ने गतिशील ऑलराउंडर कविशा दिलहारी को हटा दिया, जो चौथे नंबर पर आईं और कप्तान अथापथु के साथ पारी को फिर से बनाने की कोशिश की और कुछ आक्रामक चौके लगाए। फिर, हन्ना रेनी के तीसरे ओवर में अथापथु ने गति पकड़ी। तीसरी गेंद पर फ्री हिट कॉल का फायदा उठाते हुए, उसने तेज गेंदबाज को कवर के ऊपर से चौका मारा और इसके बाद अगली कुछ गेंदों पर दो और चौके लगाए। क्लो एबेल की गेंद पर छक्का और चौका लगाने से अथापथु को टूनार्मेंट में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा करने में मदद मिली और आखिरकार 14वें ओवर में उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया।

# 3 साल बाद घरेलू टूनार्मेंट में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने 12 मई से शुरू होने वाले फेडरेशन कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, जो तीन साल बाद उनका पहला घरेलू टूनार्मेंट होगा। नीरज ने आखिरी बार 2021 फेडरेशन कप में भाग लिया था जो टोक्यो ओलंपिक से पहले आयोजित किया गया था। गोल्डन बॉय ने एथलेटिक्स में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बनकर अपनी छाप छोड़ी। वह दोहा डायमंड लीग, जो 10 मई को कतर, संयुक्त अरब अमीरात में होने वाला है, के बाद फेडरेशन कप के लिए भारत वापस आएंगे। दोहा प्रतियोगिता नीरज के लिए 2024 सीजन की शुरूआत होगी, और वह 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद पहली बार एक्शन में होंगे। 26 वर्षीय भाला फेंक खिलाड़ी की नजर जुलाई में शुरू होने वाले 2024 पेरिस ओलंपिक में अपने ओलंपिक स्वर्ण की रक्षा करने पर है।


# टी20 विश्व कप के लिए बतौर ओपनर बेस्ट होंगे यशस्वी : ज्वाला सिंह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप 2024 नजदीक है। खेल का यह सबसे छोटा प्रारूप इस साल वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। टूनार्मेंट के लिए यात्रा करने वाले अधिकांश खिलाड़ियों के पास दोनों मेजबान देशों में खेलने का अनुभव न के बराबर है। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, यशस्वी जायसवाल के कोच, जो उनके लिए उनके पिता के सामान है, ज्वाला सिंह ने बताया कि उनका मानना है कि युवा भारतीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए पारी की शुरूआत करेंगे। वेस्टइंडीज पर्यटन और टूनार्मेंटों के लिए सबसे अधिक बार होने वाला गंतव्य हो सकता है, लेकिन यह वह देश है जहां युवा जायसवाल भारत के लिए मैदान पर उतरे। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने रोसिया, डोमिनिका के विंडसर पार्क में डेब्यू किया, जहां उन्होंने 171 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को एक टेस्ट मैच में प्रमुख जीत दिलाई, जिसे उन्होंने पारी और 141 रनों से जीता। उनका टी20 में भी शानदार रिकॉर्ड है। एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने केवल एक बल्लेबाज के रूप में ओपनिंग की है। भारत के लिए खेली गई 16 पारियों में जायसवाल ने 161.93 की स्ट्राइक रेट के साथ चार अर्द्धशतक और एक शतक बनाया है।

# भरत शर्मा कराटे इंडिया के अध्यक्ष चुने गए, मानस सिन्हा व अन्य ने दी बधाई



**एजेंसी। रांची/नई दिल्ली**

भारतीय कराटे के प्रमुख प्रशासक एवं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तकनीकी निदेशक हांशी भरत शर्मा बुधवार को कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन (केआईओ) के अध्यक्ष चुने गए। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांशी मानस सिन्हा एवं संयुक्त सचिव शिहान शशि पांडे ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए आज कराटे इंडिया आर्गनाजेशन के ईजीएम एवं चुनाव में आधिकारिक रूप से भाग लेते हुए मतदान किया।

हांशी भरत शर्मा के अध्यक्ष बनने पर स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा, सीईओ सेंसाई केके सिंह, कार्यकारी सचिव सेंसाई हेजाज आसदक, क्योशी नरेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष सेंसाई उदय कुमार, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव, शिहान रंजीत मेहता सहित सभी सदस्यों ने खुशी जताई है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में उत्तराखंड कराटे संघ द्वारा आयोजित जूनियर, कैडेट, अंडर-21 एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता आगामी 9 मई से 12 मई तक देहरादून में आयोजित की जा रही है। इसमें झारखंड के 27 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। झारखंड टीम के कोच की भूमिका राष्ट्रीय कराटे कोच सेंसाई शीतल टोपनो निभाएंगे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# बड़ी गिरावट के बाद संभला शेयर बाजार, सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

### निवेशकों ने की 2.42 लाख करोड़ की कमाई

**एजेंसर। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार आज निचले स्तर से शानदार रिकवरी करने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में और भी अधिक कमजोरी आ गई लेकिन बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर दोनों सूचकांक रिकवरी करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी कल के क्लोजिंग लेवल पर पहुंच कर यानी बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर कंज्यूमर गुड्स, मेटल,



ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल और पावर सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

# किसानों के लिए कारदेखो ग्रुप ने लॉन्च किया ट्रैक्टर्सदेखो

TractorsDekho

**एजेंसर। नई दिल्ली**

ऑटो टेक कंपनी कारदेखो ने बुधवार को नया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ट्रैक्टर्सदेखो पेश किया। इस प्लेटफॉर्म के जरिए किसान आसानी से अपनी जरूरत के मुताबिक ट्रैक्टर की खोज कर सकते हैं।

अपने इस कदम के साथ कार देखो ग्रुप ने वाणिज्यिक और कृषि वाहनों के सेगमेंट में कदम रख दिया है। कारदेखो ग्रुप के न्यू ऑटो बिजनेस के सीईओ मयंक जैन ने कहा, किसानों के लिए टैक्टर काफी महत्वपूर्ण होता है। कम जानकारी के साथ सही टैक्टर खोजना एक कठिन कार्य है। इसके लिए हमने ट्रैक्टर्सदेखो प्लेटफॉर्म पेश किया है, जिसकी मदद से किसान आसानी से सही ट्रैक्टर की खोज कर सकते हैं। मालूम हो कि कारदेखो ग्रुप की स्थापना 2008 में हुई थी। वर्तमान में कंपनी के 6 करोड़ से ज्यादा एक्टिव यूजर्स हैं। कंपनी का मूल्यांकन करीब 1.2 अरब डॉलर का है। वाहन सेगमेंट के अलावा कंपनी इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म इंश्योरेंसदेखो, फिनटेक प्लेटफॉर्म रूपी, शेयर मोबिलिटी प्लेटफॉर्म रेव आदि का संचालन करती है। कंपनी में सिकोइया, हिलहाउस कैपिटल, कैपिटलआईजी, रतन टाटा ट्रस्ट, लीपफ्रॉग, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और अन्य कंपनियों ने निवेश किया हुआ है। इससे प्रोत्साहित होकर कंपनी ने नया कदम उठाया है।

### इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी सभी जरूरी जानकारी

इस प्लेटफॉर्म पर खरीदार, विक्रेता, डीलर के साथ सर्विस सेंटर भी उपलब्ध हैं, जो ट्रैक्टर की खोज को किसानों के लिए आसान बनाएगा। कंपनी ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म पर ट्रैक्टर की जानकारी के साथ विशेषज्ञ की सलाह और पूरी ट्रैक्टर इंडस्ट्री की जानकारी भी मिलेगी।

# 18 मई को भी खुलेगा बाजार, कर सकेंगे शेयरों की खरीद-बिक्री


**मुंबइ।** भारतीय शेयर बाजार इस महीने 18 मई (शनिवार) को भी खुलेगा। छुट्टी के दिन बाजार खोलने की वजह डिजास्टर रिकवरी वेबसाइट को टेस्ट करना है। जिससे आपदा जैसे साइबर अटैक या मुख्य वेबसाइट में अन्य कोई समस्या आने पर ट्रेडिंग को इस प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट किया जा सके। एनएसई द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस दिन इक्विटी के साथ-साथ डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार होगा। इसमें मुख्यतः दो सेशन होंगे। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे से लेकर 10 बजे तक का होगा। वहीं, दूसरा सेशन सुबह 11:45 बजे से शुरू होगा और दोपहर 12:40 बजे तक चलेगा। इस कारोबारी सत्र के दौरान सभी शेयर का अधिकतम प्राइस बैंड 5 प्रतिशत होगा। अगर किसी सिक्योरिटी का प्राइस बैंड इससे कम है तो वह यथावत जारी रहेगी।

# ऐप्पल ने 'लेट लूज' इवेंट में किए बड़े ऐलान




**नई दिल्ली।** ऐप्पल की ओर से आयोजित किए गए 'लेट लूज' इवेंट में कंपनी ने आईपैड प्रो, एम4 चिप, एम 2 चिप के साथ रिडिजाइन किए गए 11 इंच और 13 इंच की स्क्रीन के आईपैड एयर, आईपैड 2 के लिए फाइनल कट प्रो और आईपैड 2 एवं मैक 11 के लिए नए लॉजिक प्रो का अनावरण किया। कंपनी द्वारा आईपैड प्रो को 11 इंच और 13 इंच साइज में लॉन्च किया गया। नई डिवाइस सिल्वर और ब्लैक फिनिश के साथ आएगी। यह पहले के मुकाबले पतला और हल्का होगा। इसमें अल्ट्रा रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले दिया गया है। इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट टेनडम ओएलईडी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। नया आईपैड प्रो एम4 चिप के साथ आएगा। इसके अलावा एम2 चिप के साथ रिडिजाइन 11 इंच और 13 इंच की स्क्रीन के आईपैड एयर को लॉन्च किया गया है। ये 128 जीबी, 256 जीबी, 512 जीबी और 1 टीबी की मेमोरी के साथ आएगा। वहीं, आईपैड 2 के लिए फाइनल कट प्रो को पेश किया गया है। इससे यूजर्स एक साथ चार कैमरा का प्रीव्यू कर सकते हैं। इससे काम पहले के मुकाबले ज्यादा तेजी से हो सकेगा।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कोहराम, बिटकॉइन और एथेरियम में बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ दो मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसी बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 63 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,485.55 डॉलर यानी 52.18 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 3.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,002.62 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.34 प्रतिशत, सोलाना 6.20 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.13 प्रतिशत डॉगकॉइन 6.07 प्रतिशत, टॉनकॉइन 4.33 प्रतिशत और काडानों 2.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर और यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

# गरीबों में दवा उपलब्ध कराने के लिए एक्समेड ने जुटाए फंड

**बेसल।** स्विट्जरलैंड स्थित बी2बी मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म एक्समेड ने बुधवार को निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में आवश्यक दवा पहुंचाने में तेजी लाने के लिए 2 मिलियन डॉलर के सीड फंडिंग राउंड की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि फाउंडरफुल के नेतृत्व में नई फंडिंग बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन से 5 मिलियन डॉलर के अनुदान के बाद आई है, जिससे अब कुल जुटाई गई धनराशि 7 मिलियन डॉलर हो गई है।

# भारत में गूगल वॉलेट ऐप हुआ लॉन्च

### यूजर्स को अब एक ही जगह पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल की ओर से बुधवार को गूगल वॉलेट ऐप लॉन्च कर दिया गया है। इस ऐप के माध्यम से लोग आसानी से एक ही जगह पर डिजिटल दस्तावेज जैसे बोर्डिंग पास, लॉयल्टी काड्र्स, मूवी टिकट और अन्य को हासिल कर सकते हैं। गूगल वॉलेट, भारत में मौजूद गूगल पे से एक बिल्कुल अलग ऐप है। इसकी लॉन्चिंग के बाद भी गूगल पे की सेवाएं यथावत जारी रहेंगी।



गूगल ने बताया कि गूगल वॉलेट के अनुभव को बेहतर करने के लिए कंपनी ने पीवीआर, आईनॉक्स, एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाइन लैब्स, कोच्चि मेट्रो, अभीबस और अन्य कंपनियों के साथ साझेदारी की है। आने वाले समय में कंपनी और पार्टनर्स को इसमें जोड़ेगी। एंड्राइड एट गूगल के जीएम और इंडिया इंजीनियरिंग के प्रमुख राम पापाटला ने कहा कि एंड्राइड इंडिया के इतिहास में गूगल वॉलेट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये दैनिक जरूरतों की चीजों को एक ही स्थान पर लाकर लोगों की जिंदगी को आसान बनाएगा। इसके लिए हमने भारत के टॉप ब्रांड के साथ साझेदारी की है।

# केनरा बैंक का मुनाफा चौथी तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ने शेयरधारकों को 16.10 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,025 करोड़ रुपये हो गई है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,685 करोड़ रुपये थी।

# इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो 500 रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर : तेजस्वी

*चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार के सरकार में शामिल कर लिए इस बार पिछड़े दलित, लोगों ने मन बना लिया है।*

**नवीन मेल संवाददाता**

छतरपुर( पलामू ) । बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 10 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ के सहारे राज किया है उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए कोई भी वादा आज तक पूरा नहीं किया गया है तेजस्वी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में करीबी बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए पर उन्होंने एक भी अपना वादा पूरा नहीं किया इस दौरान उनका एकमात्र मकसद हिंदू मुस्लिम मुस्लिम हिंदू कर देश का सत्ता में राज करना रह गया है उन्होंने कहा कि इस बार वे 400 पर का नारा दिए हैं जो महज एक उनका



जुमला है उन्होंने नरेंद्र मोदी के दिए 2014 के भाषण के कुछ अंश को माइक के माध्यम से सुनाते हुए कहा कि यह उनका भाषण है जिनमें एक भी पूरा नहीं किया गया उन्होंने लोगों का अस्वस्थ किया की इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और गैस सिलेंडर 500 मिलेगा वहीं प्रतिवर्ष 1 करोड लोगों को नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा किए गए । वादा के तहत 5 लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया । वह भी सरकारी रोजगार मिला उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का कार्यकाल जो भी उनके विरोध में बोले उसे वह सीबीआई और ईडी से डराने का कोशिश करते हैं। इन्होंने कहा कि कर्नाटक के भाजपा के सांसद ने एक ओर तीन हजार बेटियों को शोषण करने वाले कर्नाटक के एक नेता को विदेश भाग दिए वहीं झूठे मुकदमे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया । उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी एक राजनीतिक स्वतंत्रता के तहत 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं पर वह लालू प्रसाद यादव के बेटा हैं ना लालू प्रसाद यादव झुका है। और ना ही उनका बेटा झुकेगा उन्होंने कहा कि जेल से उन्हें डर नही लगता हैं हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे। इसलिए हम जेल से नहीं डरते तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जोड़ तोड़ जोड़कर लोगों को सत्ता से हटाने का कार्य बच गया है। इंडिया गठबंधन की सरकार 4 जून को बनेगी वही बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद परोक्ष में विश्वास रखते हैं। और उनके पास अडानी और अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार कें सरकार में शामिल कर लिए इस बार पिछड़े दलित, लोगों ने मन बना लिया है। कि वे नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंग।

## प्रिंट से अधिक मूल्य लेने पर सूचना दें : उत्पाद अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए उत्पाद विभाग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर शराब के लाइसेंसी दुकानों में प्रिंट से अधिक मूल्य लेने अथवा उत्पाद संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत की जा सकती है। उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने शुभम संदेश से बातचीत करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि आम नागरिक उत्पाद संबंधी किसी शिकायत के लिए मोबाइल नंबर 7903500768 और 8434619609 पर सूचना दे सकते हैं। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जिले में 23 लाइसेंसी शराब की खुदरा दुकानें हैं। इन सभी दुकानों में प्राइस लिस्ट लगी है। आगे कहा कि उत्पाद विभाग के द्वारा क्षेत्र में अवैध व देशी शराब



का निर्माण व बिक्री करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। लगातार ऐसे ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। इसके अलावा नेशनल हाइवे व अन्य सड़कों के किनारे बने ढाबा और होटलों में भी अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए लगातार छापामारी जारी है। आसन्न लोकसभा चुनाव में अवैध शराब की बिक्री या चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों पर विभाग की कड़ी नजर है।

## एक नजर

### पलामू में 13 मई को मतदान के लिए 10 बूथ रीलोकेट

**पलामू ।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो, इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है।

### वाहन के धक्के से एक व्यक्ति घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी बलदेव उरांव के पुत्र बसंत उरांव उम्र 40 वर्ष बीती रात अज्ञात वाहन के धक्के से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की बसंत उरांव मंगलवार की रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से छतरपुर बाजार जा रहे थे। तभी पीछे से एक अज्ञात वाहन उन्हें धक्का मार कर फरार हो गया। वही घटना की जानकारी मिलने पर घायल बसंत उरांव के अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर उन्हे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर शहर के एक निजी अस्पताल लेकर गए।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की गई।वही वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड 23 मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया। ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड पकड़े गए वाहनों से 23000 हजार रुपए का फाइन वसूला गया है।वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की हर दिन लोगो को हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी जाती है और ट्रिपल लोड चलने से मना किया जाता है।

### कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने की अपील

**लातेहार।** इंडी महागठबंधन के चतरा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने के लिए कांग्रेस व झामुमो के नेताओं ने प्रखंड के माल्हन पंचायत क्षेत्र लोहारसी, गनियारी एवं प्रतापीटांड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होने ग्रामीणों को हाथ छाप पर वोट दे कर केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने की अपील की। मौके पर झामुमो नेता दीप कुमार सिन्हा ने बताया कि मतदाताओं कांग्रेस प्रत्याशी के लिए क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह एवंसमर्थन देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ घोषणायें करते हैं जुमलों से देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## बरवाडीह थाने में कंटेनर से 32 पशु जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार ।** बरवाडीह थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोगो के द्वार एक टाटा कंपनी का कंटेनर (बी आर 24 जी सी 7722) में तस्करी के उद्देश्य से सुबह मवेशी को परिवहन करके ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर बरवाडीह थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा द्वारा एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित छापामारी टीम ने अहली केचकी नाका के समीप घात लगाए हुए थे जिस दौरान देखा गया कि एक कंटेनर आ रही है। इसके बाद छापामारी टीम ने कंटेनर को रोका और जांच की तो उसमे भरी मात्रा में भैंस पाए गए। कंटेनर के साथ पशु तस्करी में संलिप्त तीन तस्करों को बरवाडीह थाना लाया गया। सभी पशुओं को कंटेनर से बाहर निकाला गया तो कुल 32 भैंस थे जिसे बरवाडीह थाना में ही अभी रखा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त में मनीष कुमार यादव (19), पिता बड़ेलाल यादव जो उत्तरप्रदेश के जिला कौशांबी ग्राम चकचमरू का रहने वाला है जो कंटेनर चालक है।



**मामले में की जा रही कार्रवाई : ललित मीणा**

वहीं प्रेस वार्ता के दौरान प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा ने बताया की गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को लातेहार जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया की इसकी अनुसंधान अभी जारी है मवेशी कहां जा रहा था किसका था फिलहाल इसकी जानकारी नहीं हुई है जल्द ही अनुसंधान कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया की जब्त किए गए सभी मवेशी को थाना क्षेत्र के आसपास के इलाके के ग्रामीणों को जिम्मानामा पर देखझभाल के लिए दे दिया जायेगा। वहीं छापामारी अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार, राजन अधिकारी, याकिन अंसारी समेत थाना के कई रिजर्व गार्ड शामिल थे। छापामारी के दौरान कुल 31 मवेशी जिसमे 13 मादा भैंस एवं 19 नर भैंस, एक कंटेनर ट्रक (बी आर 24 जी सी 7722), मोबाइल 3 पिस एवं 4400/ रुपए नकद मरामद किए गए है।

### जान जोखिम में डाल कर सफर कर रहे हैं यात्री

मेदिनीनगर। पलामू में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना के बाद भी ग्रामीण रूटों पर चल रहे वाहन में ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। अधिक कमाई के लालच में वाहन चालक ग्रामीण यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।यात्री वाहन पर लटक कर सवारी कर रहे है।वहीं लोग भी जल्दी पहुंचने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।लेकिन इन सब के बीच जिम्मेदार दोनों ही विभाग लापरवाह हैं। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग दोनों ही कड़ी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।इसके वजह से वाहन चालकों का हौसला बढ़ा हुआ है।शहर के चौक चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस मुश्तैद रहते हैं। इसके बाद भी ओवरलोड कर ये वाहन धड़ल्ले से सड़कों पर आवागमन करते नजर आ रहे है और इन पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है।ओभर लोड होने के कारण वाहन के असंतुलित होने की संभावना हमेशा बनी रहती है, इससे बड़ा हादसा भी हो सकता है।

## चंद्रवंशी का अपमान करना मनोज तिवारी को भारी पड़ेगा : विक्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास चंद्रवंशी ने



मनोज तिवारी के बयान का विरोध करते हुए कहा कि मोदी जी के नाम पर जीने वाले कुछ प्रत्याशी आज अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं । दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी का आज का बयान हम सभी के लिए उचित नही है। किसी भी जाति का अपमान करना सही बात नहीं है। आप आज कुर्सी पर बैठे हैं तो आप अपना अस्तित्व अपना पीछे झांक कर देखिए आप एक नचनिया हुआ करते थे और अपना अस्तित्व भूल गए ।आज मोदी है कि आप जिंदा हैं और आपका अस्तित्व बचा है। हिंदू का एवं ब्राह्मण समाज का आप देख लीजिए जितने भी मंदिर में जितने ब्राह्मणों का अपमान हुआ यह आज मनोज तिवारी भूल गए आज जो शब्द का उपयोग किए हैं इतने बड़े पार्टी में रहकर और कुर्सी का लिहाजा नहीं रखते हुए किसी भी जाति का अपमान करना और खास कर दिल्ली जैसे शहरों के सांसद पद पर रहते हुए ऐसी बयानबाजी मनोज तिवारी के लिए सही नही है। आप सांसद हैं आपकी भाषण मर्यादित होनी चाहिए आपको सर्व समाज को लेकर साथ चलना चाहिए तभी आप लंबे समय तक राजनीति में टिके रह सकते हैं परंतु इसके ठीक विपरीत आपने किसी खास समाज को टारगेट करके अपने लिए मुश्किल खड़ा कर दिया है मैं निश्चित तौर पर आपके संसदीय क्षेत्र के अपने समाज के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे सभी आपका बहिष्कार करें। हम लोगों ने कभी भी किसी ब्राह्मण या किसी अन्य जाति का अपमान नहीं किया है। सदैव दूसरी जातियों को समय-समय पर मान सम्मान दिया है ।आपका ऐसा बयान आपकी निजी सहित पार्टी की भी क्षति है।

### छत्तीसगढ़ के सीएम 10 को मनोहरपुर, कुरडेग व चैनपुर में करेंगे जनसभा

**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। विष्णु देव साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा, पश्चिम सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव भी मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष (खूंटी) चंद्रशेखर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिमडेगा लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे।

## तीन दुकान में चोरों ने दी चोरी की घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र के रुई मार्केट में बीती रात अज्ञात चोरों ने फिर से तीन दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सुबह भुक्तभोगी दुकानदार सुजीत कुमार गुप्ता,सुरेंद्र प्रसाद,अरुण कुमार अपने दुकान पहुंचे तो देखा की उनके



दुकान के शेटर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद भुक्तभोगी दुकानदारों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास के दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की जांच की परंतु चोरी की घटना से संबंधित कोई भी सुराग पुलिस को नही मिला।वही आस पास के दुकानदारों ने पुलिस को बताया की जहां चोरी की घटना हुई है वहा के एक दुकान में लोग दुकान बंद होने के बाद जुआ खेलते है और दुकान में बैठ कर शराब पीते है। जिसके वजह से आस पास का माहौल खराब हो रहा है। दुकानदारों के बातो को सुन कर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि यदि इस तरह की घटना अगले बार से होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें पुलिस जुआ खेलने और शराब पीने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि बाजार में लगातार चोरी की घटना को देखते हुए बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रात में दो पुलिस के जवान हमेशा तैनात रहेंगे। इसके अलावा यदि दुकानदारों को किसी प्रकार की अनहोनी महसूस होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे।बताते चले की बाजार क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी चोरी की घटना है। इसके पहले भी चोरों ने दीपू गुप्ता के दुकान से लगभग 10 हजार के कीमती चांदी के सिक्के चोरी कर फरार हो गए थे। जिनका अभी तक कुछ भी सुराग नहीं मिल पाया है।

## अब देश की जरूरत बन चुके हैं पीएम नरेंद्र मोदी : पुष्पा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू ।** विधायक पुष्पा देवी ने मंगलवार को नौडीहा बाजार के मड़वा गांव में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों महिलाओ से



बातचीत की। मौके पर पुष्पा देवी ने कहा कि मोदी सरकार लगातार गरीबों के लिए काम कर रही है। आज स्थिति ऐसी है कि नरेंद्र मोदी देश की जरूरत बन चुके है। बात अपनी संस्कृति, आस्था का हो या विकास का, मोदी जी के आगे कोई नही टिक सकता। वहीं गांव की महिलाओ ने भरोसा दिलाया कि जिसने हमें इज्जत की जिंदगी दी है, मुफ्त राशन दिया, एलपीजी गैस दिया, आवास दिया उस मोदी जी के लिए हम सभी एक परिवार हैं। इस मौके पर छतरपुर महिला मोर्चा सरिता देवी, कोमल देवी, मुनि देवी, कलावती देवी, मंजरी देवी, मोनी कुमारी, संजना कुमारी, अनिता देवी, कुनु देवी, अंजना देवी, मंजरी देवी, सविता देवी,सुनयना देवी, चंद्रिका देवी, कलावती देवी,किरण देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### भाजपा कार्यालय में बूथ जीतो चुनाव जीतो विषय पर बैठक

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर भाजपा का चुनाव कार्यालय में बुधवार को बूथ जीतो - चुनाव जीतो विषय पर कार्यकताओं के साथ बैठक में कई पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें टिप्स दिया। प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की लोकसभा की पलामू सीट इसकी अध्यक्षता उमेश चंद्र शिव व संचालन कर रहे डॉ. अजय जयसवाल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को पलामू लोकसभा सीट से जीत दिलाने के लिये कम समय में हर घर तक उन्हें पहुंचना जरुरी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा व मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कार्यकताओं से जन जन तक पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संचालित बहुपयोगी योजनाओं की जानकारी मतदाताओं को देने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि भाजपा का विकसित भारत व मोदी की गारंटी, अंत्योदय का मूलमंत्र, बुनियादी ढांचे का विकास पर चर्चा के साथ एक बार मोदी को देश में लाने के लिये मतदान कराने के प्रति प्रेरित करने को कहा है।

## रेलवे स्टेशन के पास एक 50 वर्षीय पुरुष मृत पाए गए

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज और कजरी रेलवे स्टेशन के पास एक 50 वर्षीय पुरुष मृत पाए गए। यह शव डाउन लाइन के बगल में घास पर पड़ी थी। इस हादसे को रेल के कुछ कर्मचारी जो पटरियों की जांच के लिए निकले थे देखा और इसकी सूचना डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार को थी। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि यह मामला ट्रेन से धक्का लगने या कट जाने के कारण प्रतीत हो रहा है।

रेल प्रशासन ने इसकी सूचना सदर थाने को दे दी है। स्टेशन अधीक्षक में बताया की गर्मी के दिनों में पटरी के जांच के लिए निकले गैंग ने इस डाउन लाइन के किनारे इस शव को देखा। सूत्रों के अनुसार सदर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और एमएचसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## पेज एक के शेष

### चमड़ी के रंग के आधार पर...

यह 'शहजादा' भी उनसे सलाह लेता है। इस दार्शनिक अंकल ने कहा कि जिनकी चमड़ी काली है वे अफ्रीका से हैं। इसका मतलब है कि आप देश में अनेक लोगों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर गाली दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विरोध को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, अब स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चमड़ी के रंग का हवाला देकर उनका अपमान क्यों करती रहती है। उन्होंने मान लिया कि द्रौपदी मुर्मू भी अफ्रीकन हैं और इसलिए उन्हें हराना चाहिए।

### ऐसा बयान राष्ट्र की एकता को...

उनकी विभाजनकारी टिप्पणी के लिए चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा बयान हमारे राष्ट्र की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पुष्टि करता हूं कि हम सभी भगवान श्री कृष्ण के बच्चे हैं, और जाति या पंथ की परवाह किए बिना हम सभी समान हैं।

### ओवरसीज कांग्रेस के ...

के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं तो पश्चिम के लोग अरब जैसे, उत्तर के लोग संभवतः गोरों जैसे तो दक्षिण के लोग अफ्रीकियों जैसे, लेकिन इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### गत 10 वर्षों में केंद्र की ...

अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके किए गए वादे के तहत पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया। वह भी सरकारी रोजगार मिला। तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विरोध में बोलने वालों को सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं लेकिन वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा। साथ ही कहा कि जेल से उन्हें डर लगेगा जो डरते हैं। हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे। इसलिए हम जेल से नहीं डरते। इस बार चार जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ खरीद-फरोख्त में विश्वास रखते हैं और उनके पास अडानी-अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार में सरकार में शामिल कर लिए। इस बार पिछड़े और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेन्द्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे।

## जिले के सरकारी कॉलेजों के सरस्वती वाहिनी माता समितियां को दिया गया निर्देश : दुर्गानंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सरकारी महाविद्यालयों की सरस्वती वाहिनी माता समितियां को निर्देश जारी कर दिया गया है। कि वे मतदान कर्मियो, सुरक्षा कर्मियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट और माइक्रो आब्जर्वर साथ ही साथ स्वास्थ्य कर्मी जो मतदान के लिए रहेंगे भोजन बनाकर उपलब्ध कराना है। यह भोजन प्रति व्यक्ति 60 रुपये के दर से ही होगी आज पलामू जिला के शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने बताया के सभी सरस्वती वाहिनी माता समिति को चूल्हा और बर्तन को तैयार रखने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया के उनके 2359 सरकारी विद्यालयों में जहां मध्यान भोजन की व्यवस्था रहती है गैस सिलेंडर उपलब्ध है। उन्होंने इसकी जानकारी एमडीएम के कर्मियों से भी ली। उन्होंने बताया की बर्तनों के लिए सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष ही राशि उपलब्ध कराती थी। इस राशि से सरस्वती वाहिनीं



माता समिति की अनुशंसा पर स्कूल प्रबंधन को मध्यान भोजन के लिए नए और उपयोगी बर्तन खरीदने थे। उन्होंने बताया कि जिस सरकारी मध्यान या प्राथमिक विद्यालय में एक से 50 बच्चे तक नामांकित हैं और मध्यान भोजन बनता है तो वहां बर्तन के खरीदने के लिए 10000 की राशि दी गई है। जिन सरकारी स्कूलों में जहां मध्यान भोजन बनता है और बच्चों की संख्या 51 से 150 है । वहां बर्तन के खरीदारी के लिए 15000 दिए गए हैं। इसी तरह से वैसे सरकारी स्कूल जहां 51 से लेकर 250 तक बच्चे नामांकित हैं मध्यान भोजन उन्हें प्राप्त होना है तो वैसे स्कूल को उपयोगी नए बर्तन के लिए 20000 की राशि दे दी गई है। दुगानंद झा ने यह भी बताया कि वैसे सरकारी स्कूल जहां नामांकित बच्चों की संख्या 251 से अधिक होगा या है उन्हें 25000 रुपए नए बर्तन के लिए दे दिए गए हैं। एक प्रश्न के उत्तर पर के क्या 10000, 15000, 20000, 25000 की राशि जो नय बर्तन के लिए दिए गए हैं। उसे स्कूल प्रबंधन ने बर्तनों के खरीदारी कर ली है। तो जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि उनकी जानकारी में स्कूल प्रबंधन ने इस लोकसभा को ध्यान में रखते हुए अपने चौका ,चूल्हा ,गैस और बर्तन के व्यवस्था सुदृढ़ कर ली है। उन्होंने यह भी कहा कि वो इस सिलसिले में पुनः इन स्कूलों से जिला शिक्षा अधीक्षक से एक रिपोर्ट भी तलब कर लेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक और जानकारी उपलब्ध कराई के डाल्टनगंज स्थित जीएलए कॉलेज से सभी मतदान कर्मी की टोली रवाना होगी और उन टोलियों को रवाना करने के लिए जो अधिकारी और कर्मी होंगे उनके बैठने और कागजात को रखने के लिए 2000 बेंच डेस्क की आवश्यकता है ।श्री दुर्गा झा ने बताया कि जीएलए कॉलेज में अपने ढाई सौ बेंच डेस्क दे दिए हैं। जब के 1750 बेंच डेक्स का अतिरिक्त इंतजाम किया जा रहा है। क्योंकि मतदान टोली टोलियों को रवाना करते समय कर्मियो अधिकारियों के उठने उनके बैठने और सामान के रखने के लिए 2000 बेंच की आवश्यकता है। श्री दुगानंद झा ने बताया कि वह बेरिया मोड पर स्थित जनता शिवरात्रि महाविद्यालय और डाल्टनगंज शहर के अंतर्गत योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज से भी बेंच डेस्क सरकारी आदेश का हवाला देकर मांग लेंगे और फिर इसे जीएलए कॉलेज में पहुंचा दिया जाएगा।

## नई संस्कृति सोसाइटी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। संस्कृति सोसायटी ने मेदिनीनगर के शहर के विभिन्न चौक चौराहों हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया। साथ ही साथ ट्रैफिक के नियमो को पालन करने और हेल्मेट पहनने की सलाह भी इन्हीं तख्तियों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है यह वही समय है जब हम अपने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं ऐसे में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम सभी लोगों का दायित्व बन जाता है। इन्हीं सोच के साथ नई संस्कृति सोसाइटी के बैनर तले हम सभी ने यह कार्यक्रम बनाया है और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर ही नहीं बल्कि गांव टोले मोहल्ले और अन्यत्र सभी जगह पर हम सभी लोग जाएंगे और मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का





भरपूर प्रयास करेंगे। संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने बताया कि हम सभी के अंदर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हो रहा है, हम सभी लोग लोकतंत्र के इस त्यौहार को जबरदस्त तरीके से मनाने का हवन करते हैं और सभी लोगों को मतदान अवश्य करने की सलाह दे रहे हैं। नई संस्कृति सोसायटी की प्रबंधक चंदा कुमारी ने कहा कि हम आज ही नहीं बल्कि 13 तारीख तक इस कार्यक्रम को निरंतर सभी गांव टोले मोहल्ले में जा जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करेंगे और लोगों के अंदर मतदान क्यों जरूरी है इसका संचार करेंगे।

# राहुल के गुरु देश की पहचान पर उठा रहे सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के विवादास्पद बयान पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। भाजपा ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि सैम पित्रोदा ने देश की पहचान पर ही सवाल उठा दिए हैं। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सैम पित्रोदा, जिनके शिष्य राहुल गांधी हैं, ने भारत, इसकी संस्कृति, भारत की पहचान और इसके लोगों की पहचान पर बहुत ही आपत्तिजनक बयान दिया है। ऐसा लगता है कि यह विषय केवल चुनाव या राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि भारत के अस्तित्व से जुड़ा है, क्योंकि वे देश की पहचान पर ही सवाल उठा रहे हैं।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'वह कह रहे हैं कि राम मंदिर, राम नवमी और भारत के प्रधानमंत्री के राम मंदिर जाने से भारत की विविधता और लोकतंत्र कमजोर हुआ है। मैं ये कहना चाहता हूं कि जो इन विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित हैं, वो ये बात नहीं समझ सकते कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि हमें सब कुछ विदेशियों ने दिया है। उनका बयान देश की मौलिक पहचान की अवमानना है। उस संस्कृति का, जिसे वो कह रहे हैं कि इसने देश की पहचान को कमजोर किया है, वह संस्कृति इस देश के लोकतंत्र और विविधता का आधार है। बाबरी ढांचे को बचाने के लिए आप अदालत गए थे और राम मंदिर को बदनाम करने की कोशिश की थी।'



### भाजपा के नेताओं ने कहा

▶▶ भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सैम पित्रोदा की घटिया मानसिकता और बयानबाजी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। वो चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान कर रहे हैं। मैं हर भारतीय से कहना चाहता हूं कि इस अपमान के लिए कांग्रेस को सबक सिखाया जाए और देश को तोड़ने के इनके राजनीतिक एजेंडा को एकजुट होकर नाकामयाब किया जाए।

▶▶ भाजपा नेता सीआर केशवन ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी के शकुनि सैम पित्रोदा के घृणित और जातिवादी बयान ने आज हमारे 140 करोड़ भारतीयों में से प्रत्येक को अपमानित किया है। यह कांग्रेस नेतृत्व की कट्टर और विभाजनकारी मानसिकता को भी बहुत स्पष्ट रूप से उजागर करता है... यह किस तरह की विकृत और संकीर्ण मानसिकता है?'

### कांग्रेस पार्टी भारत को विभाजित करने की मंशा पर कायम : चंद्रशेखर

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान की निंदा की जानी चाहिए। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी आज स्वाभाविक रूप से भारत को विभाजित करने, भारतीयों को जाति, पंथ, पहचान और भूगोल के आधार पर विभाजित करने पर केंद्रित है। कांग्रेस सैम पित्रोदा से खुद को दूर नहीं कर सकती, जो भारतीयों के खिलाफ इस तरह की गहरी जड़ें जमा चुका है।

### इंडी के बोल

▶▶ शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि 'मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके मुद्दे को देश का मुद्दा बनाया जा रहा है। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते और न ही ये कोई मुद्दा है और न ही ये देश पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देना चाहता है।

▶▶ डीएमके नेता टीकेएस एलानगोवन ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि यह हमारा बयान नहीं है। 'हम सब साथ है। यहां कई धर्म, संस्कृति, भाषाएं हैं, लेकिन हमने कभी भारत के लोगों में भेद नहीं किया। हम भाषा और संस्कृति की समानता की बात करते हैं और ये मानते हैं कि भारत के हर राज्य में रहने वाले लोग समान हैं।

▶▶ कांग्रेस के पूर्व विधायक नसीब सिंह ने सैम पित्रोदा पर तंज कसते हुए कहा कि वह भारतीय हैं, क्या वह भारत में रहते हैं। उन्हें इशारों-इशारों में पागल बताते हुए कहा कि जिस आदमी को भारतीय संस्कृति और सभ्यता की जानकारी न हो, तो उनकी जगह आगरा में है या फिर शाहदरा में, और कोई जगह नहीं है।

## चुनावी बोल

### सरकार ने चुनाव प्रक्रिया बाधित करने की कोशिश की : वेणुगोपाल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। वहीं कांग्रेस के नेताओं ने यह भी आरोप लगाया गया कि सरकार ने सामान्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश की। बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, अभी तक की रिपोर्ट बिल्कुल साफ है कि तीसरे चरण में भी हमें बहुमत वाली सीटें मिल रही हैं। हमने तीसरे चरण में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर सिब्बल ने जताई आपत्ति



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के उस अंश पर आपत्ति जताई है जिसमें वोट जिहाद या राम राज्य दोनों में से एक चुनने के लिए लोगों से आह्वान किया गया था। सिब्बल ने कहा कि पीएम लोगों को डरा रहे हैं कि 400 के पार इसलिए चाहिए ताकि ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला न लगा दें। यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है लेकिन आयोग इन बयानों पर ताला नहीं लगा सकता क्योंकि वे भी मोदी के परिवार हैं।

### भाजपा की मंशा संविधान बदलकर आरक्षण छीनने की : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने बुधवार को एक्स पर लिखा, भाजपा संविधान बदलना चाहती है ताकि आरक्षण समाप्त कर समाज के वंचित वर्ग के अधिकार छीन सके। कांग्रेस यह नहीं होने देगी। कांग्रेस अपने न्याय पत्र में, हिस्सेदारी न्याय, लेकर आयी है। जिसके तहत आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती होगी। संवैधानिक संशोधन द्वारा 50 प्रतिशत सीमा हटाकर एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक मिलेगा।

### कांग्रेस 'विचार शून्य' व सनातन विरोधी पार्टी : जेपी नड्डा



**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में कांग्रेस की तुष्टिकरण एवं सनातन विरोधी राजनीति पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने कांग्रेस को विचार शून्य पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संविधान की जानकारी नहीं है और इस वजह से वो संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं। कहा, कांग्रेस पार्टी राम विरोधी, सनातन विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाने वाली पार्टी है।

# पाक के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं राहुल : शाह

**एजेंसी। हरदोई**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पाकिस्तान से निकटता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल पाकिस्तान के एजेंडे का आगे बढ़ाने का काम करते हैं। गलती से भी यदि राहुल और अखिलेश सत्ता में आ गए तो ये दोनों शहजादे अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने बुधवार को हरदोई की चुनावी रैली में कहा कि अभी-अभी पाकिस्तान ने राहुल की प्रशंसा की। एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि राहुल की प्रशंसा पाकिस्तान क्यों कर रहा है? तो मैंने कहा, सर्जिकल स्ट्राइक होती है, राहुल विरोध करते हैं। नक्सली मरते हैं, राहुल विरोध करते हैं। अनुच्छेद 370 हटती है, राहुल विरोध करते हैं। राम मंदिर बनता है, राहुल विरोध करते हैं। राहुल पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं और पाकिस्तान राहुल का। उन्होंने कहा कि कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, चुनाव के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। राहुल अमेठी से वायनाड गए और वायनाड से रायबरेली आ गए। रायबरेली में भी राहुल गांधी हारने वाले हैं।

गृहमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस, टीएमसी ये सारे जो इकट्ठा हुए हैं इन्होंने 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए हैं। एक दिन पहले ही झारखंड में इस गठबंधन सरकार के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से 30 करोड़ रुपये पकड़े गये। कुछ दिन पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये पकड़े गए थे। उसके कुछ दिन पहले टीएमसी नेता के घर से 51 करोड़ रुपये पकड़े गए थे। मैं राहुल और अखिलेश से कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार करोगे तो पकड़े भी जाओगे और जेल भी जाओगे। कोई रोक नहीं सकता।

### आरक्षण खत्म करने की बात कह मोदी को बदनाम कर रहीं सपा, बसपा व कांग्रेस



**लखीमपुरखीरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खीरी लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस, सपा और बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की बात कहकर मोदी को बदनाम कर रही हैं। पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर डाका डालने का काम सपा और कांग्रेस ने किया। भाजपा फिर से बहुमत मिलने पर इस संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर पिछड़ा वर्ग को वापस देगी। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। अरे, राहुल बाबा अपना ट्रैक रिकॉर्ड देखो, आपकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया। आपके पिताजी ने एक झटके में ट्रिपल तलाक को फिर से इंट्रोड्यूस कर दिया और आपकी पार्टी ने एक झटके में पिछड़े समाज का आरक्षण छीनने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। तीसरे चरण तक हम 190 सीटें पार कर चुके हैं। कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के साथ ही 3 करोड़ गरीब बहनों को लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। ये चुनाव तीन करोड़ और गरीबों को उनका खुद का घर देने का चुनाव है। ये चुनाव तीन लाख गांवों में डेयरी बनाकर पशुपालन के साथ जुड़े हुए भाई-बहनों को समृद्ध बनाने का चुनाव है। आपने उत्तर प्रदेश में 2014 में 73 सीटें दी, 2019 में सभी विपक्षी इकट्ठे आए फिर भी 65 दी।

# भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल के बारे में झूठ फैलाने में जुटी : प्रियंका गांधी



**एजेंसी। बछरावां**

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को रायबरेली के बछरावां में राहुल गांधी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के बारे में झूठ फैलाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आम जनता को गुमराह करने में जुटी है। इनके राज में महंगाई बढ़ी है। हमारी सरकार आने पर आशा वर्कर्स से लेकर मनरेगा के कर्मचारियों के वेतन को दोगुना किया जायेगा। चुनाव के पहले 200 रुपए सिलेंडर का दाम घटा करके यह लोग लॉलीपॉप दे रहे हैं। हमारी मां ने राहुल गांधी को आपके पास भेजा है। अब रायबरेली को 2 सांसद मिलने वाले हैं। राहुल को जिताइए, वो तो आपके सांसद होंगे ही। मैं भी यहां के लिए काम करूंगी। मैं आपके साथ रहूंगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के उम्मीदवार जगह-जगह जाकर कहते हैं कि हमें वोट देंगे, तो संविधान बदल देंगे। ये लोग अब संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। अब जब पीएम मोदी को लगा कि बात गलत हो रही है, तब ?वह अपना बयान बदलने लगे। यहां के लोग नेताओं को अच्छी तरह समझते हैं। जब उन्हें इंदिरा जी (इंदिरा गांधी) की कोई नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने उन्हें भी हरा दिया। इंदिरा जी गुस्सा नहीं हुईं बल्कि आत्ममंथन किया। आपने उन्हें दोबारा चुना। यह रायबरेली के लोगों की खासियत है कि वे नेताओं को समझते हैं।

## सपा के परिवार और यादव समाज के उम्मीदवारों का हाल बेहाल : मायावती



**एजेंसी। लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जोरदार पलटवार किया। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीएसपी संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी और चिंता नहीं करे तो बेहतर है। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार और उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी केवल चिंता करें क्योंकि उन सबका हाल बेहाल है। मायावती ने आगे लिखा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस संबंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं, जिसे माफ करना मुश्किल है। बीएसपी सरकार की ओर से बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं और महापुरुषों के आदर-सम्मान में उनके नाम पर यूपी में बनाए गए जिलों, पार्कों, विश्वविद्यालयों आदि के नाम को जातिवादी सोच के कारण बदलना सपा सरकार के ऐसे कृत्य हैं, जो इतिहास में काले कारनामे के रूप में दर्ज हैं। दरअसल, बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। इसी को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से बसपा पर निशाना साधा था। अखिलेश यादव ने कहा था कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है, वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी 12 को पटना में करेंगे रोड शो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। इस रोड शो को भव्य बनाने के लिए प्रदेश भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है। देश की आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री का पटना में यह पहला रोड शो होगा। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पटना के लोग भी बेहद उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री तीन से चार किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान खुली गाड़ी पर लोगों का अभिवादन स्वीकार करेंगे।

## जो सिख समाज की मांग पूरी करने का वादा करेगा, उसे ही वोट : परमजीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान में करीब 20 दिन बचे हैं। इस बीच अकाली दल की दिल्ली इकाई के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सरना ने तमाम राजनीतिक दलों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि सिर्फ उसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को सिख समाज अपना समर्थन देगा जो उनकी मांगों को पूरा करने का वादा करेगा। सरदार परमजीत सिंह सरना ने राजनीतिक दलों के सामने मुख्य रूप से चार मांगें रखी हैं। पहली मांग 30 साल से जेल में बंद बंदी सिंह की रिहाई की है। दूसरी मांग किसानों की समस्याओं का समाधान करने की है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी क्षेत्र में अपनी उपज बेचने की इजाजत दी जानी चाहिए। तीसरी मांग श्री ननकाना साहिब के दर्शन के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' की व्यवस्था करने की है। सरना ने चौथी मुख्य मांग में सिखों के धार्मिक मामलों में केंद्र या राज्य सरकारों द्वारा किसी तरह की दखल-अंदाजी न करने की मांग की है, जैसा कि दिल्ली, तख्त श्री पटना साहिब और श्री हजूर साहिब में हाल के कुछ वर्षों में हुआ है।

## सोशल मीडिया पोस्ट मामले में कर्नाटक पुलिस ने नड्डा व मालवीय को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** कर्नाटक पुलिस ने भाजपा की राज्य इकाई के सोशल मीडिया (एक्स) पोस्ट पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को नोटिस जारी किया है। पोस्ट के संबंध में बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। इसमें दोनों नेताओं का नाम शामिल है। नोटिस में दोनों नेताओं को एक सप्ताह के भीतर पेश होने के लिए कहा गया है। कर्नाटक भाजपा की विवादास्पद पोस्ट में एक वीडियो था। इसमें कांग्रेस को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की कीमत पर मुसलमानों को आरक्षण देने की बात दिखाई गई थी। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस पोस्ट को हटाने के लिए कहा था। ऐसा नहीं होने पर चुनाव आयोग ने इसे हटाने के लिए मंगलवार को एक्स को नोटिस भेजा था।



## मीसा भारती ने पीएम मोदी पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप



**पटना।** लालू प्रसाद यादव की पुत्री और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीसा भारती ने पीएम मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को दो बार मौका दिया लेकिन पीएम मोदी ने आम जनता के हित में एक भी वादा पूरा नहीं किया। देश में विकास के नाम पर एनडीए सरकार पूरी तरह विफल है। देश की जनता ने महंगाई और बेरोजगारी से लड़ाई लड़ने के लिए नरेंद्र मोदी के हाथों में सत्ता दी थी। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किसानों के हित में पीएम मोदी ने कई वादे किये थे, उन वादों का क्या हुआ।

# पांचवां चरण : 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। बिहार की 5 सीटों से 80, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट से 22, झारखंड की 3 सीटों से 54, लद्दाख की एक सीट से 3, महाराष्ट्र की 13 सीटों से 264, ओडिशा की 5 सीटों से 40, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों से 144 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों से 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।





KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com